दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 185 जयपुर, गुरुवार, 15 जून, 2023 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष- द्वादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

बिफरा बिपरजॉय: समंदर में ऊंची लहरें, तेज हवाओं के साथ बारिश

# दहशत का तूफान

## आज शाम को टकराएगा कच्छ के तट से

### अहमदाबाद के साबरमती रिवर फ्रंट को भी किया बंद

### राजस्थान में 3 दिन रहेगा असर 16 और 17 जून को भारी बारिश


@ कच्छ

एजेंसी | नई दिल्ली

अरब सागर में उठा ताकतवर तूफान बिपरजॉय चक्रवाती तूफान तेजी से गुजरात तट की तरफ बढ़ रहा है। तूफान की दस्तक से पहले दहशत का माहौल बना हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक, चक्रवात के गुरुवार शाम तक गुजरात के मांडवी और पाकिस्तान के कराची के बीच गुजरात के जखाऊ बंदरगाह के पास सौराष्ट्र, कच्छ, उससे सटे पाकिस्तान के तटों को पार करने की संभावना है।

मौसम विभाग की मानें तो इस दौरान 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। गुजरात के 7 जिलों में चक्रवाती तूफान का सबसे ज्यादा खतरा बना हुआ है। इसी के मद्देनजर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। मौसम विभाग ने तूफान को देखते हुए गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ के तटीय इलाकों में रेड अलर्ट जारी किया है। इस चक्रवात की भयावहता को देखते हुए पश्चिम रेलवे ने पांच दर्जन के करीब ट्रेनों को पूरी तरह रद्द कर दिया है।

### आज द्वारकाधीश मंदिर बंद

चक्रवात बिपरजॉय के मद्देनजर द्वारकाधीश मंदिर को 15 जून को बंद करने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय सिर्फ एक दिन के लिए लिया गया है, अगर हालात ठीक रहे तो 16 जून से मंदिर को खोल दिया जाएगा।

### 50,000 लोगों को किया शिफ्ट

कच्छ जिले में जखाऊ बंदरगाह के पास चक्रवात 'बिपरजॉय' को देखते हुए अब तक गुजरात के तटीय क्षेत्रों से 50,000 लोगों को अस्थायी आश्रयों में स्थानांतरित कर दिया है। उधर, चक्रवात के असर से सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र के कुछ हिस्सों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई।

### छह दशकों में सबसे ताकतवर तूफान

पिछले 60 सालों के इतिहास में यह ऐसा तीसरा चक्रवात है, जो पश्चिमी तट से टकराने वाला है। यह कच्छ और पाकिस्तान के सिंध के तट से टकराने वाले सबसे ताकतवर चक्रवातों में से एक है। यही वजह है कि इसको लेकर अलर्ट जारी किया गया है और प्रशासन लोगों को निकालने से लेकर तमाम तरह की सावधानियां बरत रहा है। बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की 18 टीमों को तैनात किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा, दिए निर्देश



सीएम अशोक गहलोत ने बुधवार को बिपरजॉय तूफान से संभावित नुकसान से बचाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। अधिकारियों ने बताया कि तूफान 16 जून को दक्षिणी-पश्चिमी राजस्थान में पहुंचने की संभावना है। 16 एवं 17 जून को जोधपुर एवं उदयपुर संभागों में तेज वर्षा के साथ आंधी-तूफान की संभावना है। सीएम ने अधिकारियों को जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ दूसरी तमाम तरह की तैयारियों के निर्देश दिए।

**16 जून :** बाड़मेर एवं जालौर में अत्यधिक भारी वर्षा, जैसलमेर, जोधपुर, पाली एवं सिरोही में बहुत भारी वर्षा तथा बीकानेर, उदयपुर एवं राजसमंद में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

**17 जून :** बाड़मेर, जालौर, पाली, जोधपुर एवं नागौर में अत्यधिक भारी बारिश, जैसलमेर, बीकानेर, अजमेर, भीलवाड़ा, उदयपुर, सिरोही एवं राजसमंद में बहुत भारी बारिश एवं चूरू, सीकर, जयपुर, टोंक, बूंदी, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर एवं बांसवाड़ा में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

### 'सच बेधड़क' के फाउंडर विनायक शर्मा की लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात



*बेधड़क. नई दिल्ली। सच बेधड़क के फाउंडर और ग्रुप एडिटर विनायक शर्मा और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के बीच दिल्ली में मुलाकात हुई। लोक सभा स्पीकर के आवास पर हुई मुलाकात में विनायक शर्मा ने बिरला को पुष्प गुच्छ भेंट किया। करीब आधा घंटा तक चली इस मुलाकात में विनायक शर्मा ने लोकसभा अध्यक्ष को सच बेधड़क ग्रुप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सच बेधड़क न्यूज चैनल तेजी से राजस्थान में लोकप्रिय हो रहा है और दिन प्रतिदिन दर्शक संख्या में इजाफा हो रहा है। वहीं सच बेधड़क दैनिक अखबार की पाठक संख्या में भी उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। विनायक शर्मा ने बताया कि न्यूज चैनल और दैनिक अखबार में करीब साढ़े पांच सौ लोगों को रोजगार मिला है। ओम बिरला ने विनायक शर्मा के इस प्रयास को सराहा और भविष्य की तमाम योजनाओं के लिए शुभकामनाएं भी दी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सच बेधड़क के फाउंडर और ग्रुप एडिटर विनायक शर्मा के आध्यात्मिक ज्ञान से भी काफी प्रभावित हुए।*

मुख्यमंत्री चिरंजीवी श्रमिक संबल योजना-2023 को मंजूरी

## भर्ती श्रमिक व स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगी सहायता राशि

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के असंगठित क्षेत्र के निर्माण श्रमिक कल्याण कोष के तहत पंजीकृत सक्रिय श्रमिकों एवं चिह्नित स्ट्रीट वेंडर्स को अस्पताल में भर्ती होने के दौरान राहत पहुंचाने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। अब पंजीकृत श्रमिक व चिह्नित स्ट्रीट वडर्स और उनके परिवार के 25 से 60 वर्ष के सदस्य (पंजीकृत सक्रिय श्रमिक) को अस्पताल में भर्ती के दौरान अधिकतम 7 दिन की आर्थिक सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी श्रमिक संबल योजना-2023 के प्रारूप को सहमति प्रदान की है।

योजना के तहत भर्ती के समय दैनिक मजदूरी समाप्त होने की स्थिति में श्रमिक के खाते में ऑटो डीबीटी से भर्ती की अवधि या 7 दिवस (जो भी कम हो) के लिए प्रतिदिन 200 रुपए की सहायता पहुंचाई जाएगी। यह सहायता लाभार्थी के स्वयं या परिवार के सदस्य के अस्पताल में न्यूनतम 24 घंटे भर्ती होने की स्थिति में मिलेगी। श्रमिक की अस्पताल में मृत्यु होने की स्थिति में भी योजना के तहत सहायता प्राप्त की जा सकेगी।

### ■ अधिकतम 7 दिन 200 रुपए रोजाना सहायता राशि



### लोक कला विकास बोर्ड का होगा गठन

**जयपुर।** प्रदेश की लोक कला से जुड़ी विभिन्न जातियों एवं वर्गों के उत्थान के लिए लोक कला विकास बोर्ड का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इस बोर्ड में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के अलावा 7 गैर सरकारी सदस्य होंगे। बोर्ड सचिव एवं कार्यकारी स्टॉफ अलग से होगा। बोर्ड के गठन की कार्रवाई के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। बोर्ड गठन का उद्देश्य लोक कला एवं कलाकारों को वैश्विक पहचान दिलाना, रोजगार से जोड़ना, लोक कला संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना, कलाकारों को मंच उपलब्ध कराना, कलाओं का प्रचार-प्रसार, संस्थाओं का पर्यवेक्षण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान सुनिश्चित करना, लोक कलाओं के सम्बन्ध में प्रकाशन, समीक्षा करना, लोक कला मेलों, प्रदर्शनी, व्याख्यानमाला, गोष्ठियों, समारोह का आयोजन करना तथा लोक कलाकारों का संरक्षण एवं संवर्द्धन करना है।

सीएम ने नोटिफिकेशन किया जारी

## ED का पंजीकरण शुल्क माफ

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस नेताओं द्वारा पेपर लीक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापों को लेकर लगातार जारी हमलों के बीच वित्त विभाग ने यहां ईडी के जोनल कार्यालय का पंजीकरण शुल्क माफ कर दिया है। वित्त विभाग का प्रभार मुख्यमंत्री के पास हैं।

उन्होंने इस संबंध में अधिसूचना (नोटिफिकेशन) जारी की। जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य सरकार की राय है कि ऐसा करना जनहित में है, इसके द्वारा आदेश दिया जाता है कि ईडी के झालाना जयपुर के जोनल कार्यालय जयपुर के पक्ष में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निष्पादित लीज डीड पर देय पंजीकरण शुल्क को माफ किया जाता है। आदेश में यह उल्लेख नहीं है कि पंजीकरण राशि कितनी है। ईडी ने वित्त विभाग को अपने जोनल कार्यालय भवन का पंजीकरण शुल्क माफ करने का प्रस्ताव भेजा था। वित्त विभाग ने प्रस्ताव स्वीकार करते हुए अब शुल्क माफ करने की अधिसूचना जारी कर दी है। ईडी ने पेपर लीक मामलों को लेकर कई स्थानों पर छापे मारे, जिसके बाद कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया था।

### जरूरी खबर

### अब नरेगा में मेट मजदूरी 255 रुपए प्रतिदिन



**जयपुर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत राजस्थान में नियोजित मेट की प्रति दिवस मजदूरी में बढ़ोतरी की गई है। प्रदेश में कार्यरत मेटों को अब प्रति दिवस 255 रुपए मिलेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मजदूरी बढ़ाने के लिए प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत की मंजूरी से वर्ष 2023-24 के लिए महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत नियोजित मेटों की मजदूरी दर 240 रुपए प्रति दिवस से बढ़ाकर 255 रुपए प्रति दिवस की गई है। उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी नरेगा में केंद्र सरकार द्वारा प्रत्येक राज्य के लिए प्रतिवर्ष अर्द्धकुशल श्रमिक की मजदूरी दर अधिसूचित की जाती है।

### जम्मू क्षेत्र में एक ही दिन में आए भूकंप के पांच झटके

**डोडा/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में 5.4 तीव्रता के भूकंप के एक दिन बाद केंद्र शासित प्रदेश के जम्मू क्षेत्र में मंगलवार और बुधवार को पांच झटके महसूस किए गए। भूकंप के ताजा झटकों के कारण प्रशासन ने डोडा और किश्तवाड़ जिलों में शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने की घोषणा की। बुधवार को जम्मू क्षेत्र में आए भूकंप के झटकों से कुछ संपत्ति को नुकसान पहुंचा है, लेकिन इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

मुख्यमंत्री का भाजपा और आरएसएस पर निशाना

## आलोचना करने वालों को देशद्रोही समझ कर डाल देते हैं जेल में: CM

### गहलोत ने कहा... धर्म, जाति के नाम पर चुनाव जीतना होता है आसान

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा और आरएसएस को लेकर निशाना साधते हुए इन पर अन्ना हजारे, रामदेव और अरविंद केजरीवाल का उपयोग करने का आरोप लगाया। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राजस्थान गांधी दर्शन सम्मेलन में बुधवार को गहलोत ने कहा कि आज देश में लोकपाल की चर्चा ही नहीं होती है। भाजपा ने इन लोगों को हमारे खिलाफ काम में लिया।

गहलोत ने कहा कि चुनाव जीतना कोई बड़ा काम नहीं है। जाति और धर्म ऐसी चीज है कि सब कुछ हो सकता है लेकिन, सवाल ये है कि आज संविधान की धज्जियां उड़ रही हैं। ये लोग आलोचना को देशद्रोही मानते हैं और जेलों में डाल देते हैं। आखिर, देश में ये क्या हो रहा है? गहलोत ने कहा लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अलग होती है। बिना विपक्ष के काहे का पक्ष है। इन लोगों को आलोचना पसंद नहीं है। लेकिन, मेरी या मेरी सरकार की आलोचना होती है तो मैं स्वागत करता हूं। हो सकता है कि आलोचना में कोई सुझाव हो जिसके आधार पर सुधार किया जा सके।



### 25 जिलों में गांधी दर्शन समिति खोली

सीएम गहलोत ने कहा कि गांधी ने सत्य अहिंसा की बात कही। साल 2006 में सत्याग्रह को लेकर दिवस मनाया जा रहा था। यूएन में 2 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस मनाने के लिए प्रस्ताव पास किया। 2006 में गांधी दर्शन के समिति बनाने की बात सोची। राजस्थान के 25 जिलों में गांधी दर्शन समिति खोली गई। अधिकांश जिलों में आज भी गांधी दर्शन समिति के सदस्य काम करते हैं और मिलते हैं। सरकार द्वारा गांधी म्यूजिक बनाया जा रहा है। गांधी दर्शन और विचार के लिए शांति एवं अहिंसा विभाग के लिए सुझाव दिए।

### मुखौटा लगाकर खुद बिगाड़ रहे हैं लोकतांत्रिक माहौल

सीएम गहलोत ने कहा कि देश में लोकतंत्र की स्थिति क्या है, देश किस दिशा में जाएगा कोई नहीं कह सकता। जिस प्रकार आरएसएस-बीजेपी के लोगों ने कब्जा किया है। धर्म और जाति के नाम पर चुनाव जीतना बहुत आसान काम होता है। धर्म-जाति के नाम पर चुनाव जीतना बहादुरी का काम नहीं है। जाति और धर्म ऐसी चीज है, उसमें सब कुछ संभव है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने नफरत के माहौल में मोहब्बत की दुकान खोलने का नारा दिया। सत्ता में अभी आए लोगों से पूछे इन्होंने आजादी की जंग में अंगुली तक नहीं कटाई है। मुखौटा लगाकर खुद लोकतांत्रिक माहौल बिगाड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी दर्शन के माध्यम से 50 हजार की फौज तैयार हो सकती है, अगर ऐसा हुआ तो पीएम मोदी के कान भी खड़े हो जाएंगे।

सिविल कोड को लेकर तैयारियां हुई तेज

## लॉ कमीशन ने यूनिफॉर्म सिविल कोड पर शुरू की कंसल्टेशन

- यूसीसी पर विधि आयोग का बड़ा कदम
- सार्वजनिक और धार्मिक संगठनों से 30 दिनों के भीतर मांगे सुझाव
- विभिन्न संगठन वेबसाइट या ईमेल के जरिए भेज सकते हैं राय

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में एक बार फिर से यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। लॉ कमीशन ने एक बार फिर से यूनिफॉर्म सिविल कोड पर कंसल्टेशन (परामर्श) प्रक्रिया को शुरू कर दिया है। विधि आयोग ने इसके लिए सार्वजनिक और धार्मिक संगठनों से राय मांगी है।

लॉ कमीशन ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि 22वें विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता के बारे में मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों के विचारों को जानने के लिए फिर से निर्णय लिया है। कर्नाटक हाई कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाले 22वें लॉ कमीशन ने लोगों को अपनी राय देने के लिए 30 दिन का वक्त दिया है। उम्मीदवार अपनी राय अगले 30 दिन में वेबसाइट या ईमेल के जरिए भेज सकते हैं।



### पहले भी किया गया था अध्ययन

इससे पहले 21वें लॉ कमीशन ने भी इस विषय पर अध्ययन किया था। तब आयोग ने इस पर और चर्चा की जरूरत बताई थी। इस बात को 3 साल से अधिक समय बीत चुका है। अब नए सिरे से प्रक्रिया शुरू की गई है। उल्लेखनीय है कि 22वें विधि आयोग को हाल में तीन साल का कार्य विस्तार दिया गया है। इसने कानून एवं न्याय मंत्रालय की ओर से एक पत्र भेजे जाने के बाद समान नागरिक संहिता से जुड़े विषयों की पड़ताल शुरू कर दी है।

### क्या है यूनिफॉर्म सिविल कोड?

यूनिफॉर्म सिविल कोड का मतलब है कि सभी नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, गोद लेने, विरासत और उत्तराधिकार जैसे व्यक्तिगत मामलों को नियंत्रित करने वाले कानूनों के एक सामान्य सेट तैयार किया जाए चाहे नागरिक किसी भी धर्म का हो। वर्तमान में विभिन्न कानून विभिन्न धर्मों के अनुयायियों के लिए इन पहलुओं को विनियमित करते हैं।

### भाजपा के मुख्य मुद्दों में से एक

2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए समान नागरिक संहिता यूनिफॉर्म सिविल कोड का मामला एक बार फिर से गरमा सकता है। यूनिफॉर्म सिविल कोड भाजपा के लिए मुख्य मुद्दों में से एक रहा है। राम मंदिर का काम पूरा होने वाला है। धारा 370 कश्मीर से हट चुकी है। अब केवल समान नागरिक संहिता ही भाजपा के लिए कोर इश्यू में से एक मुद्दा था जो लागू होना रह गया, लेकिन 2024 चुनावों की उल्टी गिनती शुरू होते ही ये मामला गरमा गया है।

## जरूरी खबर

### निर्वाचन आयोग की दो दिवसीय बैठक आज से




**जयपुर।** प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन विभाग की ओर से कई नवाचार किए जा रहे हैं। इधर तैयारियों का जायजा लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग का एक दल गुरुवार और शुक्रवार को समीक्षा बैठक लेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इस समीक्षा बैठक के साथ ही शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।

### दो अधिकृत खाद्य सुरक्षा अधिकारी निलंबित

**जयपुर।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण शिवप्रसाद नकाते ने आदेश जारी कर विनोद कुमार शर्मा (मूल पद कनिष्ठ सहायक) और रजनीश शर्मा (मूल पद लैब टेक्निशियन) अधिकृत खाद्य सुरक्षा अधिकारी जोधपुर को निलंबित कर दिया है। राजकार्य के प्रति गंभीर लापरवाही बरते जाने के मामले में विभागीय जांच प्रस्तावित होने के कारण से उन्हें निलंबित किया गया है। इस दौरान इन कार्मिकों का मुख्यालय आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण रहेगा।

### संविदा कर्मियों का धरना, जिला स्तर पर सौंपे ज्ञापन



**जयपुर।** संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा के बैनर तले संविदा कर्मियों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। नियमितीकरण की मांग को लेकर संविदा कर्मी अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। सयुंक्त मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र चौधरी व प्रवक्ता रामजीत पटेल ने बताया कि संविदा कर्मियों ने बुधवार को जिला स्तर पर ज्ञापन सौंपे। उन्होंने कहा कि अपने हक की लड़ाई के लिए अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ते रहेंगे। सरकार द्वारा मांगें नहीं माने जाने पर आगामी दिनों में प्रदेशव्यापी आंदोलन करेंगे। इस दौरान जेटीए संघ के प्रदेशाध्यक्ष दिनेश मीना, प्रदेश उपाध्यक्ष सावल सिंह राठौड़, संघ के प्रदेश सचिव प्रमोद भिड़ा सहित कई संविदाकर्मी धरने पर मौजूद रहे।

**नए सम्मान की शुरुआत:** मुख्यमंत्री ने मार्गदर्शिका, चयन समिति को लेकर दी स्वीकृति

# सेठिया, देथा के नाम पर राजस्थान साहित्य प्रोत्साहन पुरस्कार

■ पुरस्कार में मिलेंगे 11-11 लाख रुपए, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार प्रदेश के मूर्धन्य साहित्यकारों के नाम पर नए पुरस्कारों को शुरू करेगी। यह पुरस्कार हर वर्ष साहित्य, भाषा और कला श्रेणी में दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को इसे लेकर मंजूरी दे दी है।

सहित्य प्रोत्साहन में कन्हैया लाल सेठिया, कोमल कोठारी, डॉ. सीताराम लालस, विजयदान देथा के नाम से पुरस्कार दिए जाएंगे।


*कोमल कोठारी*


*कन्हैयालाल सेठिया*


*विजय दान देथा*

गहलोत ने इस संबंध में प्रक्रिया, मार्गदर्शिका एवं चयन समिति से सम्बन्धित प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

पद्य श्रेणी में कन्हैया लाल सेठिया साहित्य पुरस्कार, लोक साहित्य, कला श्रेणी में कोमल कोठारी लोक साहित्य पुरस्कार, भाषा, अनुसंधान श्रेणी में डॉ. सीताराम लालस भाषा और अनुसंधान पुरस्कार व गद्य श्रेणी में विजयदान देथा साहित्य पुरस्कार दिए जाएंगे। राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर को इन पुरस्कारों के लिए नोडल एजेन्सी बना गया है। कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग प्रशासनिक विभाग होगा।

### मुख्यमंत्री स्तर पर होगा चयन का निर्णय

पुरस्कार चयन के लिए गठित स्थायी समिति के अध्यक्ष राज्य सरकार द्वारा मनोनीत गैर राजकीय व्यक्ति होंगे। पद्मश्री/साहित्य अकादमी सम्मान से सम्मानित राज्य सरकार द्वारा मनोनीत दो साहित्यकार, राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर के अध्यक्ष, राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, बीकानेर के अध्यक्ष एवं कला एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख शासन सचिव इस समिति में सदस्य तथा उप शासन सचिव सदस्य सचिव होंगे। समिति प्राप्त आवेदनों के विचारण के बाद तीन-तीन के समूह में चयनित साहित्यकारों का पैनल बनाकर अनुशंसा सहित अंतिम निर्णय के लिए प्रशासनिक विभाग के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रस्तुत करेगी।

### चार विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे पुरस्कार

कला श्रेणी में हर साल दिए जाने वाले इन पुरस्कारों में चयनित लोगों को राज्य सरकार की ओर से 11-11 लाख रुपए नकद राशि, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। ये पुरस्कार मरणोपरांत भी प्रदान किए जा सकेंगे। यह सम्मान उन व्यक्तियों, संस्था अथवा संगठन में बांटा जा सकेगा, जिन्हें चयन समिति समान रूप से पात्र समझती है। सभी पुरस्कार राज्य सरकार की तरफ से आयोजित राजस्थान लिटरेचर फेस्टिवल, राजस्थान दिवस अथवा अन्य अवसरों पर प्रदान किए जा सकेंगे। गहलोत सरकार के इस निर्णय के बाद कला और साहित्य के क्षेत्र से जुड़ी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। यह पुरस्कार कुल चार श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे।

**चुनाव से पहले** ओबीसी वर्ग को साधने की कवायद

# भाजपा सत्ता में आई तो 7 जिलों में मिलेगा ओबीसी को आरक्षण

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में होने वाले आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा प्रदेश के ओबीसी वर्ग को साधने में जुट गई है। ओबीसी वर्ग को चुनावों से पहले अपने पक्ष में करने को लेकर राजस्थान प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने नई दिल्ली में बुधवार को भाजपा मुख्यालय से प्रेस कांफ्रेंस कर 7 जिलों में ओबीसी प्रमाण-पत्र बनाने की घोषणा की।

साथ ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। वहीं जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय से राष्ट्रीय मंत्री अलका



गुर्जर ने कहा कि ओबीसी वर्ग के लिए प्रदेश की भाजपा सड़कों पर उतरेगी। उन्होंने कहा कि हम राज्य सरकार से मांग करते हैं कि वो इन सात जिलों में भी ओबीसी के सर्टिफिकेट बनाएं। नहीं तो भाजपा इस मांग को लेकर आंदोलन करेगी।

### ओबीसी वर्ग के लिए सड़क पर उतरेगी बीजेपी

जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने कहा कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने 6 प्रदेशों के दौरे किए, जिसमें राजस्थान भी शामिल है। राजस्थान को लेकर आयोग ने रिपोर्ट दी कि राजस्थान के कुछ जिलों में ओबीसी के सर्टिफिकेट नहीं बनाए जा रहे हैं। इससे उन जिलों में रहने वाले ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को केन्द्र व राज्य की नौकरियों के साथ-साथ ओबीसी वर्ग को मिलने वाली अन्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसलिए अब हम राज्य सरकार से मांग करते हैं कि वह इन जिलों में भी ओबीसी के सर्टिफिकेट बनाएं, नहीं तो भाजपा इसके लिए आंदोलन करेगी। गुर्जर ने बताया कि राजस्थान के डूंगरपुर, प्रतापगढ़, उदयपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, पाली और सिरोही जिलों में



ओबीसी के सर्टिफिकेट नहीं बनाए जाते हैं। इन जिलों में केवल आदिवासी आरक्षण ही दिया जाता हैं। यहां ओबीसी आरक्षण का प्रावधान नहीं है। लेकिन इन जिलों में करीब 67 लाख ओबीसी की आबादी हैं और 40 लाख अन्य जातियां हैं। ऐसे में इस जिलों में निवास कर रहे ओबीसी वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ दिया जाना चाहिए।

### डोटासरा पर कसा तंज, सरकार पर जुबानी हमला


मंगलवार को किए गए सचिवालय घेराव को लेकर पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा के बयान को लेकर अल्का गुर्जर ने तंज कसा। डोटासरा ने कहा था कि भाजपा की सभा में पिछड़े वर्ग के नेताओं का संबोधन नहीं हुआ। इस पर अल्का गुर्जर ने तंज कसते हुए कहा कि डोटासरा को मैं दिखाई नहीं दी और ना ही अशोक सैनी, रमा चोपड़ा, सौम्या गुर्जर, निर्मल कुमावत और राजेंद्र गहलोत नजर आए, क्योंकि उन पर नाथी के बाड़े का इतना ज्यादा प्रभाव हो गया है कि उन्हें कुछ दिखता ही नहीं या फिर गर्मी ज्यादा थी तो उससे उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। वहीं अरुण सिंह ने कहा कि प्रदेश इकलौता राज्य है, जहां 12 पुजारियों ने या तो आत्महत्या की है या उन्हें जिंदा जला दिया गया है। राजस्थान में 32 फीसदी बेरोजगारी है। साथ ही महिला अत्याचार में नंबर एक पर है। अल्का गुर्जर ने कहा कि दलितों पर अत्याचार और कुशासन में प्रदेश की कांग्रेस सरकार नंबर एक पर है।

### टीएसपी क्षेत्र में आते हैं यह जिले

हालांकि यह बात अलग है कि यह वह जिले हैं, जो टीएसपी क्षेत्र में आते हैं। प्रदेश में जब भाजपा की सरकार थी तब भी यहीं हाल थे और ओबीसी समुदाय को यह सर्टिफिकेट जारी नहीं किए जाते थे। पिछली भाजपा सरकार में भी यह सर्टिफिकेट जारी नहीं होते थे। जब गुर्जर से यह सवाल पूछा गया तो वह इधर-उधर मामले की जानकारी जुटाने लगी तो पता लगा कि भाजपा सरकार में इन जिलों के ओबीसी समुदाय को आरक्षण नहीं मिला हुआ था।

**युवा नीति तैयार, खर्च होंगे 500 करोड़**

# युवाओं की क्षमता, ऊर्जा और उत्साह को देंगे नई दिशा: लाम्बा




**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के युवाओं के लिए नई राज्य युवा नीति के प्रारूप पर चर्चा के लिए बुधवार को अंतर विभागीय बैठक आयोजित हुई।

बैठक में राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष सीताराम लाम्बा ने कहा कि राज्य युवा नीति को जल्द ही अंतिम रूप देकर क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा निति का उद्देश्य युवाओं की क्षमता, ऊर्जा व उत्साह को दिशा प्रदान कर उन्हें एक बेहतर और जिम्मेदार नागरिक बनाना है, जिससे एक मजबूत राजस्थान बनाने की दिशा में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश की 28 प्रतिशत आबादी युवा है और यह युवा आबादी अवसर और चुनौती दोनों रूप में हमारे सामने है। उन्होंने कहा कि इस युवा नीति की चर्चा हमने एक साल पहले शुरू की थी।

### युवाओं से संवाद कर बनाई नीति

लाम्बा ने बताया कि पिछले एक साल में युवा नीति के लिए प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में संवाद कार्यक्रम के जरिये युवाओं के सुझाव मांगे गए थे। उन्होंने कहा कि इन सुझावों को शामिल करते हुए इस युवा नीति का प्रारूप तैयार किया गया है। लाम्बा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने हमारे बहुत से प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया और राज्य की युवा नीति के तहत युवा विकास एवं कल्याण कोष के गठन को भी स्वीकृति प्रदान की है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने 500 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया है।

**भाजपा की** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का झारखंड प्रवास

## पीएम मोदी हैं तो मुश्किल नहीं और कांग्रेस है तो मुमकिन नहीं: राजे

**बेधड़क** | जयपुर/झारखंड

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कहा है कि मोदी जी के 9 सालों में हुए काम को लोगों तक पहुचाएं और बताएं कि मोदी हैं तो मुश्किल नहीं और कांग्रेस है तो मुमकिन नहीं।

वे दुमका लोकसभा क्षेत्र के कैरावनी कस्बे में भाजपा के महा जन सम्पर्क अभियान में बोल रही थी। इससे पूर्व वे देवघर में प्रेस वार्ता में भी बोलीं। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी भारत की है।



पहले अखबारों में बम ब्लास्ट की हेडलाइन से मन आहत होता था। आज शांति और समृद्धि की खबरों से मन खुश होता है। आज बड़े-बड़े देश प्रधानमंत्री की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। पीएम की सोच है कि रोजगार मांगने वाले नहीं,रो जगार देने वाले बनो।

अब 2024 में उनको हैट्रिक लगाने से कोई नहीं रोक सकता। राजे ने कहा कि झारखंड में 3 लाख से अधिक सरकारी पद खाली हैं, लेकिन युवाओं को रोजगार नहीं। हां मुख्यमंत्री जी को जरूर रोजगार मिल गया है। उनके पास खदाने हैं। दलालों ने भ्रष्ट अफसरों-कर्मचारियों से सांठगांठ कर सेना की जमीन तक बेच डाली।

### सरकारी स्कूलों में शुरू होगी हेल्प डेस्क

**जयपुर।** प्रदेश के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कॅरियर चुनने और आगामी कक्षाओं में विषय चयन में मदद करने को लेकर स्कूलों में हेल्प डेस्क की शुरुआत होगी। डेस्क पर संस्था प्रधान और विषयों के व्याख्याता विद्यार्थी के विभिन्न विषयों से संबंध में सवाल-जवाब करेंगे और उसकी मनोभावना को समझकर विद्यार्थी और अभिभावक को विषय चुनने की सलाह देंगे। हेल्प डेस्क शुरू होने से नई विषय लेने वाले विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन मिलेगा। उचित सलाह के अभाव में कई बार बच्चों की मनोदशा भी बिगड़ जाती है।

**कर्नाटक, तमिलनाडु, प. बंगाल** के सीएम को लिखा पत्र

## CM गहलोत ने राजस्थान भवन के लिए तीन राज्यों से मांगी जमीन

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कर्नाटक, तमिलनाडु एवं पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्रियों को नवी मुंबई में स्थित राजस्थान भवन की तर्ज पर प्रवासी राजस्थानियों के लिए राजस्थान भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटन के लिए पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि राजस्थान भवन निर्माण के लिए उचित स्थान पर 3-3 हजार वर्गमीटर भूमि का आवंटन किया जाए। गहलोत ने पत्र में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को लिखा



है कि आईटी सिटी बेंगलुरू में राजस्थान भवन के निर्माण से शहर में रह रहे प्रवासी राजस्थानियों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके साथ राजस्थानी कला एवं संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी आयोजित हो सकेंगी। प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र में गहलोत ने लिखा है कि सिटी ऑफ जॉय कोलकाता में राजस्थान भवन के निर्माण से शहर में रह रहे राजस्थानी प्रवासियों एवं यात्रा कर रहे राजस्थानियों को घर से दूर घर जैसा वातावरण मिल सकेगा।

गहलोत ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को पत्र में लिखा है कि चेन्नई में राजस्थान भवन बनने से दोनों राज्यों के बीच एक दूसरे की समृद्ध संस्कृतियों के संपर्क में वृद्धि होगी।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का शेखावटी दौरा**

# कांग्रेस के पास न नीति और ना ही नेता, डिलीट होगी सरकार: जोशी

■ महाराणा प्रताप बोर्ड के गठन पर साधा निशाना

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस के पास न तो नीति है और ना नेता। कांग्रेस की सरकार झूठ की बुनियाद के आधार पर बनी है। किसानों का कर्जा माफ नहीं किया।

बिजली के दाम बढ़ा दिए। राजस्थान में डीजल, पेट्रोल, बिजली सबसे महंगी है। यदि कांग्रेस सरकार जनता को राहत ही देना चाहती है, तो साढ़े चार वर्षों में जनता से लूटे गए पैसे वापस दे।




जोशी ने कहा कि आज राजस्थान सुरक्षा, दलित अत्याचार, बच्चों व महिलाओं पर अत्याचार, पेपर लीक, तुष्टीकरण मामलों में एक नंबर पर आता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में राजस्थान के महापुरूषों का नाम बाहर कर मुगलों के नाम जोड़ दिए हैं। जोशी ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार रिपीट नहीं होगी बल्कि डिलीट होगी। जोशी ने कहा कि राज्य सरकार मुगल प्रेमी है। जब सिलेबस से मुगल आक्रांताओं के पाठ हटा दिए जाते हैं, तो मुख्यमंत्री को तकलीफ होती है। जब एनसीईआरटी ने सिलेबस से मुगल आक्रांताओं का पाठ हटा दिया और हमारे गौरवशाली योद्धाओं के पाठ को जोड़ दिया, तो इसी सरकार ने डेढ़ करोड़ किताबों को कबाड़ में डाल दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जनता से जो वादे किए, उन्हें बखूबी निभाया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार 9 वर्षों के शासन में समाज के प्रत्येक वर्ग का ध्यान रखते हुए विकास के कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले कांग्रेस की सरकार ने केवल नारे दिए, वादे किए थे। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भी कहा, वादे किए वह सब पूरे करके दिखाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से पहले कांग्रेस के शासन में यदि 60 वर्षों में ईमानदारी से विकास का काम होता तो भारत दुनिया का सर्वोच्च राष्ट्र बनता। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने 9 वर्षों में ही देश को दुनिया में सर्वोच्च शिखर पर लाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सेंट्रल हॉल में सदन का नेता चुना गया था, जब प्रथम उद्बोधन में उन्होंने कहा कि यह सरकार गांव, गरीब, पीड़ित, शोषित, वंचित वर्ग के लिए, किसान, युवा, महिला सशक्तीकरण के लिए काम करेगी।

### झुंझुनूं में आयोजित किसान सम्मेलन

जोशी ने झुंझुनूं शहर के गाडिया टाउन हॉल में आयोजित भाजपा संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के साढ़े चार साल के कुशासन में राज्य की आम जनता परेशान है। कांग्रेस ने अपने जन घोषणा पत्र में किसानों के सम्पूर्ण कर्जा माफी एवं शिक्षित बेरोजगारों को भत्ता देने का वादा कर सरकार बनाई थी, लेकिन सत्ता में आते ही उन्होंने वादा खिलाफी की और किसानों की कर्ज माफी की जगह उनकी जमीनें कुर्क करना शुरू कर दिया तथा युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का काम किया।

## जरूरी खबर

### ज्योति नगर थाने में रिश्वत लेते हुए कांस्टेबल गिरफ्तार



**जयपुर।** एसीबी की टीम ने जयपुर कमिश्नरेट के ज्योति नगर थाने में तैनात कांस्टेबल को 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। कांस्टेबल सूबे सिंह जाटव को लेकर एसीबी को शिकायत मिली थी कि परिवाद से नाम हटाने और कोई कार्रवाई नहीं करने की एवज में कांस्टेबल परिवादी से रुपए मांग रहा है। रिश्वत की राशि के लिए पकड़ा गया पुलिसकर्मी उसे बार-बार फोन कर परेशान कर रहा था। इस पर एसीबी जयपुर के डीआईजी डॉ. रवि के सुपर वीजन में एसीबी जयपुर नगर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजपाल गोदारा, अभिषेक पारीक की टीम ने कार्रवाई कर उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

### मंडल बचाने के लिए कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन

**जयपुर।** जमीन के बदले जमीन देने और कर्मचारियों की भर्ती जल्द करने की मांग को लेकर राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ ने बुधवार को प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति के संयोजक रमेश चन्द शर्मा ने बताया कि मंडल बचाओ अभियान के तहत पहले चरण में मुख्यालय और जयपुर से बाहर के सर्किल ऑफिसों में धरना प्रदर्शन किए गए। आंदोलन के दूसरे चरण में 15 से 23 जून तक समस्त अधिकारी और कर्मचारी काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। 26 और 27 जून को पैन डाउन हड़ताल कर विरोध प्रदर्शन होगा। इसके बाद भी अगर सरकार की ओर से कोई सुनवाई नहीं हुई तो 3 जुलाई से प्रतिदिन हर ऑफिस में लंच के बाद प्रदर्शन किया जाएगा। इधर, बुधवार को मंडल मुख्यालय पर आमसभा (गेट मीटिंग) का आयोजन किया। इसमें आंदोलन के दूसरे चरण की रूपरेखा तय की गई, जिसमें पेनडाउन हड़ताल शामिल है।

**जागरूकता दिवस के रूप में मनाया विश्व रक्तदान दिवस, 100 से अधिक बार रक्तदान करने वालों का सम्मान**

# अस्पताल तक ब्लड की डिलीवरी ड्रोन से करने की तैयारी

बेधड़क | जयपुर

विश्व रक्तदान दिवस पर गिव ब्लड, गिव प्लाजमा, सेयर लाइफ, सेयर ओफन थीम पर बुधवार को प्रदेशभर में इस दिन को जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया। इसमें ऐसे रक्तदाता, जिन्होंने 100 से अधिक बार रक्तदान किया, उन्हें सम्मानित किया गया।

वहीं, इसी दिन जयपुर में ऐसे स्टार्टअप की भी शुरुआत हुई, जिसमें अब रक्त का ग्रुप ढूंढने के चक्कर में ईलाज में देरी होने से जाने वाली मरीज की जान को बचाने की कवायद की गई। मरीज को जल्दी से ब्लड नहीं मिलने पर समय पर इलाज नहीं हो पाता हैं। ऐसे में जेईसीआरसी विवि के असिस्टेंट प्रोफेसर रविशंकर शर्मा और जेईसीआरसी के एलुमनि रविन्द्र प्रताप सिंह ने ऐसा एप तैयार किया है, जो लोगों के लिए वरदान साबित होगा।

यह एप ऐसे मरीज के परिजनों के लिए ब्लड का इंतजाम करने में मदद करेगा, जिन्हें कई बार ब्लड ग्रुप या अन्य कारण से समय पर रक्त नहीं मिल पाता है। ईब्लडकनेक्ट से अब जरूरतमंद लोगों को बिना किसी लॉजिस्टिक्स की चिंता के आसानी से ब्लड अस्पताल तक पहुंचाया जा सकेगा।



ब्लड बैंकों, रक्तदाताओं, रक्त प्राप्तकर्ता और अस्पतालों को जोड़ने में भी ईब्लडकनेक्ट सूत्रधार बनेगा। इसके लिए मरीज का पंजीकरण आभा नम्बर पर करना होगा। इसके बाद बल्ड की जानकारी आसानी से प्राप्त कर पाएंगे। निकट भविष्य में ब्लड की डिलेवरी को ड्रोन के जरिए किया जाना प्रस्तावित है। पहले फेज में मरीज या परिजन एनरोल करके निकट ब्लड बैंक की पूरी जानकारी और ब्लड पहुंचने में लगने वाले समय, उपलब्धता और उसकी कीमत का पता लगा सकते हैं।

### 20 रक्तवीर, 20 स्वयंसेवी संस्थाएं सम्मानित

स्वास्थ्य भवन में राज्यस्तरीय सम्मान समारोह हुआ। इसमें रक्तदाताओं और स्वयंसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया गया। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि रक्तदान करने के प्रति रक्तवीरों में जनून होता है और ऐसे बिरले ब्लड डोनर ही जीवनदाता कहलाते हैं। निदेशक आरसीएच डॉ. आरपी डोरिया ने बताया कि समारोह में 20 रक्तवीरों और 20 स्वयंसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद को प्रदेश में 217 रक्तदान शिविर में 26 हजार 672 ब्ल्ड यूनिट, 38 देशों में 68 रक्तदान शिविर में 2139 यूनिट और भारत में 6145 शिविरों में 2,50,807 यूनिट संग्रहण करने पर सम्मानित किया गया। वहीं, 110 बार रक्तदान करने वाले बीएल मील, 108 बार रक्तदान कर चुके सुभाष कुमार सेठी, 107 बार के डोनर रविकांत सासना व 100 बार तक रक्तदान करने वाले रविन्द्रपाल सिंह कप्पू, रामचंद्र मीणा, दिनेश चौड़िया व सोमरत्न को राज्य स्तरीय पर सम्मान मिला। वहीं, एसएमएस मेडिकल कॉलेज में भी सम्मान समारोह हुआ। जिसमें भी नर्सिंग ऑफिसर मनोज मीना को अस्पताल में मरीजों की सेवा के साथ उनके लिए रक्तदान करने के लिए सम्मानित किया गया।

**वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा: CM ने रामेश्वरम के लिए की रेल रवाना**

# दो साल में 1 लाख यात्रियों को तीर्थ दर्शन कराएगी सरकार

बेधड़क | जयपुर

जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत रामेश्वरम-मदुरई जाने वाले यात्रियों से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को मुलाकात की। इसके बाद वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2023 के तहत पहली रेलगाड़ी जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से रामेश्वरम के लिए रवाना की गई। जहां जयपुर से रामेश्वरम-मदुरई के लिए यात्री रवाना हुए। इसमें जयपुर से लगभग 520 और कोटा से 340 यात्री हैं।

सीएम गहलोत ने यात्रियों को संबोधित किया और कहा कि कोरोना के कारण दो साल से घरों में कैद रहे और कोरोना काल में वंचित रहे एक लाख यात्रियों को राज्य सरकार 2 साल में तीर्थ दर्शन करवाएंगी। इसके बाद अब निःशुल्क तीर्थ यात्रा करने को लेकर लोगों की आस बंध गई हैं। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार योजना के विस्तार में नए तीर्थ स्थलों को भी जोड़ रही हैं। इसमें राज्य सरकार सम्पूर्ण खर्च वहन करेगी। गहलोत ने कहा कि गत सरकार ने 5 साल में सिर्फ 47 हजार यात्रियों को ही तीर्थ यात्रा कराई गई। जबकि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद इस योजना में नए तीर्थ जोड़कर इसे गति दी गई। इस वर्ष बजट घोषणा के अनुसार 40 हजार लोगों को यात्रा करवाई जाएगी। गहलोत ने कहा कि सरकार तीर्थ यात्रियों के आवागमन, भोजन, आवास, चिकित्सा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रही हैं। यात्रियों की सेवा में प्रत्येक कोच में दो सरकारी कर्मचारी, एक चिकित्सक और दो नर्सिंगकर्मी साथ रहेंगे।



### वरिष्ठ नागरिक हमारी अमूल्य धरोहर

मुख्यमंत्री ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारी अमूल्य धरोहर है। भारतीय संस्कृति में बुजुर्गों को विशेष आदर और सम्मान दिया जाता है। इन्हीं भावनाओं के साथ हमने जिम्मेदारी निभाते हुए अगस्त, 2013 में वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना की शुरुआत की थी। उस समय 41 हजार यात्रियों को विभिन्न स्थलों पर भेजकर दर्शन कराए गए। अब तक 1.17 लाख वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा कराई जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में शुरू मोक्ष कलश योजना में अब तक 86 हजार लोगों को अस्थियां विसर्जित करने के लिए यात्रा कराई गई। अब यह स्थाई रूप से लागू कर दी गई हैं। साथ ही, कैलाश मानसरोवर यात्रा में प्रति यात्री 1 लाख रुपए और सिन्धु नदी के दर्शनार्थ जाने वाले यात्रियों को 10 हजार रुपए का अनुदान दिया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जा रहा हैं। पुजारियों के मानदेय में भी वृद्धि की गई हैं।

**बड़े मंदिरों में बन रहे हैं कॉरिडोर**

समारोह में देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि रा 593 मंदिरों के जीर्णोद्धार में 5.93 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। इस अवसर खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग, अर्चना शर्मा, महापौर मुनेश गुर्जर, देवस्थान विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### हर साल 10 हजार बुजुर्ग करते हैं तीर्थ यात्रा

वर्ष 2013 में राज्य के वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क तीर्थ यात्रा योजना शुरू की गई थी। इसके बाद 2016 में हवाई तीर्थ यात्रा की भी मंजूरी मिल गई। शुरू के एक वर्ष सिर्फ 1000 बुजुर्गों को हवाई तीर्थ करवाया गया। फिर वरिष्ठ नागरिकों की डिमांड पर 5000 बुजुर्गों के लिए हवाई यात्रा शुरू कर दी गई। तब से 5000 को ट्रेन से और 5000 को ही फ्लाइट से तीर्थ यात्रा करवाई जा रही थी। इसी प्रकार 2018 में हवाई विदेश तीर्थ यात्रा भी शुरू कर दी गई। इसमें चयनित बुजुर्गों को नेपाल के पशुपतिनाथ की यात्रा कराई गई। कोरोना के कारण पिछले दो साल से तीर्थ यात्रा नहीं कराई जा सकी। वर्ष 2019-20 में कोरोना के कारण बीच में ही रोक दी गई तीर्थ यात्रा के लिए कुल 85790 वरिष्ठ नागरिकों ने हवाई तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन किया था। इसमें से 5000 लोगों का चयन हुआ।

**मंत्री को अब विज्ञापन पर आपत्ति**

# जब टेंडर हुए ही नहीं तो विज्ञापन में कैसे दिखाया?

बेधड़क | जयपुर



राजस्थान फूड पैकेट वितरण करने का काम सहकारिता विभाग के जरिए कॉनफेड को दिए जाने पर खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने आपत्ति जताई थी। अब फूड पैकेट के विज्ञापन दिखाए जाने पर मंत्री खाचरियावास ने फिर से नाराजगी जताई है।

खाचरियावास ने कहा कि जब फूड पैकेट को लेकर टेंडर ही नहीं हुए तो फिर विज्ञापन में यह कैसे दिखाया जा रहा है? विज्ञापन में एक महिला कह रही है कि मेरा फूड पैकेट मिल गया अब तू भी ले आ। मंत्री ने ने कहा कि सीएम अशोक गहलोत कहते हैं कि हर गलती सजा मांगती है, तो ऐसे अधिकारियों का भी सीएम को इलाज करना चाहिए, जिन्होंने ऐसा विज्ञापन चलाया हैं। खाचरियावास ने बुधवार को फिर से कहा कि वह खाद्य विभाग के जरिए यह फूड पैकेट बांटने को तैयार हैं। इसके लिए उनके पास फुलप्रूफ प्लॉन भी तैयार है। यह काम शुरुआत में भी खाद्य विभाग को करना था, जिसे बेवजह ट्रांसफर किया गया।

# आज होगी युवा कांग्रेस की प्रतिज्ञा बैठक

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान युवा कांग्रेस के चुनाव परिणामों के बाद में प्रथम कार्यकारिणी बैठक प्रतिज्ञा गुरुवार को इंदिरा गांधी पंचायती राज-ग्रामीण विकास संस्थान में होगी। बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर रंधावा, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी सहित कई कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**चारों बाघ अभयारण्यों में हो चुकी बुकिंग करेंगे कैंसिल**

# हर बुधवार को रहेगी टाइगर की 'छुट्टी'

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान सरकार ने प्रदेश के चारों बाघ अभयारण्यों (टाइगर रिजर्व) को एक जुलाई से हर बुधवार को एक दिन के लिए पर्यटकों के लिए बंद करने का निर्णय लिया है।

एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि राजस्थान के वन विभाग ने 13 जून को बाघ अभयारण्य में साप्ताहिक अवकाश देने का फैसला किया और चारों अभयारण्यों में एक जुलाई से इसे लागू कर दिया जाएगा। ऐसे में प्रदेश के रणथंभौर टाइगर रिजर्व, सरिस्का टाइगर रिजर्व, मुकुंदरा टाइगर रिजर्व और रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में बुधवार के दिन पर्यटन गतिविधियां बंद रहेंगी।



राजस्थान के पीसीसीएफ और मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक अरिंदम तोमर ने बताया कि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के आदेश के बाद देशभर में 'टाइगर रिजर्व' में साप्ताहिक अवकाश की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसी कड़ी में राजस्थान में भी इसे लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिन पर्यटकों ने एक जुलाई के बाद बुधवार को टाइगर रिजर्व में सफारी बुक करा रखी थी, उन्हें अब रिफंड दिया जाएगा और रिफंड की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

**सरकार को राजस्व की हानि, सीएम को लिखा पत्र**

# फुल-डे सफारी की अनुमति का विरोध

बेधड़क | जयपुर

राज्य वन्यजीव मंडल द्वारा फुल-डे सफारी को प्रतिबंधित करने के बावजूद फिल्म निर्माण की झालाना वन क्षेत्र में दी गई अनुमति का विरोध शुरू हो गया हैं। वन्य जीव मंडल के सदस्य सुनील मेहता ने बताया कि फुल डे सफारी वन्य जीवों के हित में नहीं है।

दिन भर वाहनों के आवागमन से वन्यजीवों को परेशानी होती है। इस कारण वन्यजीव प्राणी अपना आवास छोड़ने पर मजबूर हो जाते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर कहा कि अधिकारियों ने एक व्यक्ति विशेष को फिल्म निर्माण के आड़ में फुल डे सफारी करने की अनुमति प्रदान कर दी है। मुख्य वन संरक्षक ने एक आदेश जारी करते हुए वन क्षेत्रों में फिल्मांकन और लघु फिल्म निर्माण के लिए शूटिंग का समय सूर्योदय से सूर्यास्त तक कर दिया था। मेहता ने कहा कि वन्यजीव मंडल द्वारा पारित निर्णयों का सीधा उल्लंघन है और गैरकानूनी तरीके से 'बैक डोर एंट्री' के श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि पीसीसीएफ हॉफ ने आदेश जारी कर फिल्म निर्माण को सफारी की श्रेणी से अलग मान लिया है जो कि सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि सफारी शुल्क में भी घपला करते हुए अधिकारियों ने जो आदेश 1 अप्रैल से लागू होने थे, उसे मार्च में ही लागू कर दिया, जिससे की राज्य को राजस्व हानि भी उठानी पड़ी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अधिकारियों पर कार्रवाई का आग्रह किया।




**मानसरोवर बनेगा ओपन कचरा डिपो मुक्त, नए गैराज भवन का लोकार्पण**

# ग्रेटर निगम एरिया में अब इलेक्ट्रिक वाहन आएंगे डोर टू डोर कचरा लेने

बेधड़क | जयपुर

मानसरोवर जोन का इलाका ओपन कचरा डिपो मुक्त बनाया जाएगा। इससे आमजन को यहां पहले की तुलना में अधिक साफ-सफाई देखने को मिलेगी। इसके अलावा राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए ग्रेटर निगम अब डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल (हूपर) संचालित करने जा रहा है। इसकी शुरुआत भी मानसरोवर में बनाए गए गैराज भवन से की जाएगी।

इधर, बुधवार को नए गैराज भवन कार्यालय का लोकार्पण किया गया, जहां महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और आयुक्त महेन्द्र सोनी समेत कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



**जयपुराइट्स भी यहां से कर सकेंगे वाहन चार्ज**

मानसरोवर जोन में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल चलाए जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक जोन एरिया में बने गैराज ऑफिस में चार्जिंग स्टेशन भी बनाए जा रहे हैं। इन स्टेशनों पर हूपर के अलावा जयपुराइट्स भी अपने ई-व्हीकल को चार्ज कर सकेंगे। यहाँ पर कुल 50 पॉइंट्स बनाये जा रहे हैं जिनमें चार पॉइंट्स आमजन के लिए लगाए जाने प्रस्तावित हैं। हालांकि अभी तक इसके रेट्स को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है।

### नहीं आया हूपर तो पेनल्टी का प्रावधान

नगर निगम ग्रेटर में गैराज शाखा के डिप्टी कमिश्नर अतुल शर्मा ने बताया कि यदि किसी दिन हूपर वार्ड में नहीं जाता है तो पेनल्टी का प्रावधान रखा है। ई-हूपर के जरिए एक बार में अधिकतम 600 किलोग्राम तक कचरा परिवहन किया जा सकता है। इसके अलावा जोन के करीब 21 वार्ड में कचरा संग्रहण के लिए 63 हूपर्स दौड़ते नजर आएंगे। मानसरोवर जोन के प्रत्येक वार्ड में तीन हूपरों के जरिए से कचरा संग्रहण का काम होगा। नगर निगम प्रशासन की ओर से इसके लिए फर्म को 1700 रुपए प्रति हूपर के हिसाब से प्रतिदिन भुगतान किया जाएगा।

### प्रदूषण होगा कम

राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए ई- व्हीकल शुरू किए गए हैं। अभी तक यहां डीजल और सीएनजी से चलने वाले हूपरों से कचरा कलेक्शन का काम हो रहा था। जिसकी वजह से ईंधन और पैसा अधिक खर्च हो रहा था। अब बैटरी से चलने वाली हूपरों से कचरा कलेक्शन का काम भी होगा और प्रदूषण भी कम होगा। महापौर सौम्या गुर्जर ने बताया कि शहर में प्रदूषण का स्तर चिंताजनक है। इस कारण कचरा संग्रहण में उपयोग किए जाने वाले इलेक्ट्रिक हूपर शुरू करके पर्यावरण संरक्षण का मैसेज दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भविष्य में निगम के बेड़े में भी इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

**अजब-गजब मांगें:** सरकार की ओर से आयोजित महंगाई राहत शिविरों में आ रहे अजीबो-गरीब मामले

# कोई लापता परिजन, तो कोई बीनणी के लिए लगा रहा गुहार

बेधड़क | झालावाड़

आमजन को महंगाई से राहत देने के लिए राज्य सरकार की ओर से लगाए जा रहे राहत शिविरों में अजीबो-गरीब मामले सामने आ रहे हैं। लोग शिविरों में सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के साथ ही अपनी समस्याएं भी लेकर आ रहे हैं।

कोई अपने लापता परिजन को तलाश करने की गुहार लगा रहा है तो कोई शादी करवाने की मांग कर रहा है। ताजा मामला जिले की ग्राम पंचायत ढाबला खींची का है। यहां एक दामाद ने अपने ससुल को तलाशने की शिविर प्रभारी से मांग की है। इसके लिए लेकर दामाद



ने शिविर प्रभारी को आवेदन सौंपा है। जानकारी के अनुसार ढाबला खींची गांव निवासी गोपाल पुत्र बलराम 65) ने गांव में आयोजित महंगाई राहत कैंप में शिविर प्रभारी को प्रार्थना पत्र पेश किया। इसमें कहा है कि 'मेरे ससुर रामलाल पुत्र दुधालाल जाति नाई उम्र लगभग 80 वर्ष के हैं।

उन्होंने मुझे घर जंवाई रखा था। मेरे ससुर लगभग 25 वर्ष पूर्व घर छोड़कर लापता हो गए। उसके बाद मेरी सास का भी देहांत हो गया। ससुरजी की बहुत तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला।' शिविर प्रभारी तहसीलदार हरिशंकर जांगिड़ को पंचायत प्रसार अधिकारी सत्येंद्र जैन, सरपंच प्रतिनिधि लाखन सिंह, पंचायत समिति सदस्य सुरेश बैरागी की उपस्थिति में आवेदन सौंपा और कहा कि ससुर जिंदा हैं तो ढूंढ कर लाएं, मर गए तो मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करवाए। शिविर प्रभारी ने आवेदन पत्र पर गंभीरता से विचार कर थाना सुनेल को लापता रामलाल का पता कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए।

### शादी करवाने लिए भी आए थे प्रार्थना पत्र

राहत शिविरों में इससे पूर्व दो मामले भी अपनी तरह के अजीब आए थे। इनमें एक युवक और एक अधेड़ ने शादी करवाने की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दिया था। हालही में एक मामला मनोहरथाना में आया है। इसमें एक युवक ने शिविर प्रभारी को आवेदन कर पत्नी दिलाने की मांग की है। वहीं दौसा जिले में बहरावंडा के गांगदवाड़ी गांव में 5 जून को आयोजित प्रशासन गांव के संग अभियान के कैंप में कल्लू महावर नाम के 40 साल के व्यक्ति ने शिविर प्रभारी को प्रार्थना पत्र पेश किया है। पत्र में आगे लिखा गया कि, महोदय उपरोक्त विषय अंतर्गत निवेदन है कि मेरी घरेलू परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। मैं घर में अकेला परेशान रहता हूं। प्रार्थी घर में कार्य करने में असमर्थ है। इसलिए घरेलू कार्य करने और मेरी सहायता के लिए पत्नी की आवश्यकता है। अतः निवेदन है कि पत्नी उपलब्ध करवाने का श्रम करें।

### राहत शिविर में टोंक के युवक ने लगाई शादी की गुहार

राहत शिविर में पत्नी की मांग को लेकर टोंक जिले में भी एक प्रार्थना पत्र आया है। यहां 38 वर्षीय युवक ने महंगाई राहत शिविर में जिला परिषद सीईओ देशलदान को आवेदन दिया है। युवक आत्माराम गुर्जर ने आवेदन में लिखा है कि मैं 38 वर्ष का हूं। मजदूरी और खेती करता हूं। घर में खाना बनाने और आम जरूरतों को पूरा करने के लिए पत्नी चाहिए। चाहे विवाहित हो या अविवाहित। जब सीईओ ने इस एप्लिकेशन को देखा तो वह भ्रमित हो गए। फिर मुस्कुराते हुए अपना आवेदन यह कहकर लौटा दिया कि शिविर में ऐसा काम नहीं होता। सरकारी योजनाओं का लाभ लेना चाहते हैं तो बताएं।

**जिले में श्रीडूंगरगढ़ व** जामसर थाना क्षेत्रों में हुई भीषण दुर्घटना

# मंगल की रात अमंगल, दो सड़क हादसों में 1 की मौत व 40 घायल

■ ईंट भट्टे पर मजदूरी के लिए जा रहे थे ट्रक में सवार श्रमिक

बेधड़क | बीकानेर

जिले में मंगलवार की रात सड़कों पर अमंगलकारी रही। दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक जने की मौत हो गई। वहीं करीब 40 लोग घायल हो गए। इनमें से 11 लोगों को गंभीर चोटें आईं हैं। उनका पीबीएम अस्पताल में इलाज चल रहा है।

मंगलवार तड़के हुए हादसों के बाद लोगों में चीख-पुकार मच गई। वाहनों के टकराने के धमाके और घायलों का शोर सुनकर आस-पास के लोग मदद के लिए दौड़े। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। हादसों के चलते सड़कों पर वाहनों का जाम भी लग गया। वाहन चालकों को निकलने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार पहली दुर्घटना बीकानेर से श्रीडूंगरगढ़ थाना क्षेत्र के कीतासर गांव के पास राजमार्ग पर हुई। इसमें बजरी से भरे डंपर को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई।

वहीं करीब 35 से 40 लोग घायल हो गए। इनमें से नौ की हालत गंभीर है, जिनको बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो महिलाओं के साथ एक बच्ची भी ट्रक में सवार थी जो गंभीर रूप से घायल हो गई थी।



### मजदूरी के लिए जा रहे थे श्रमिक

श्रीडूंगरगढ़ थानाधिकारी अशोक विश्नोई ने बताया कि बजरी से भरे डंपर को पीछे से ट्रक की टक्कर से हादसा हुआ। दुर्घटना का शिकार हुए ट्रक में खाजूवाला से उत्तर प्रदेश में स्थित ईंट भट्टे पर मजदूरी के लिए जा रहे जा रहे श्रमिक बैठे हुए थे। टक्कर लगने से अंदर बैठे एक श्रमिक की मौत हो गई, वहीं बाकी सभी घायल हो गए। घायलों में नौ की हालत गंभीर है। अचानक से हुए इस हादसे में श्रमिकों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। पीछे से तेज धमाके के साथ डंपर के टकराने से चोटिल हो गए। किसी का हाथ, तो किसी का पैर और किसी का सिर फट गया। हादसे के बाद श्रमिकों में चीख पुकार मच गई। शोर-शराबा सुनकर स्थानीय लोगों को सूचना दी। बाद में पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल श्रमिकों को ट्रक से निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

### आमने-सामने हुई दो ट्रकों में टक्कर

जिले में दूसरा सड़क हादसा जामसर थाना क्षेत्र में हुआ। यहां आमने सामने दो ट्रकों में टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि एक ट्रक के चालक को नींद की झपकी आने से हादसा हुआ। इस हादसे में गनीमत यह रही कि दोनों ट्रकों की गति कम थी। इससे बड़ा हादसा टल गया। जामसर के थाना अधिकारी इंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि एक ट्रक के चालक को नींद की झपकी आ गई थी। इसके चलते उसका ट्रक सामने से आ रहे दूसरे ट्रक से भिड़ गया। दोनों ट्रकों की स्पीड कम थी, इसलिए बड़ा हादसा होने से टल गया। हालांकि दोनों ट्रकों के चालक और खलासी घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**देवनानी पहुंचे होटल,** कार्रवाई की मांग

# पीड़ित कार्मिकों से ली IPS और IAS की करतूत की जानकारी



बेधड़क | अजमेर

जिले में आईपीएस की पार्टी में विवाद के बाद होटल कर्मियों के साथ की गई मारपीट को लेकर विधायक वासुदेव देवनानी बुधवार को होटल पहुंचे। उन्होंने होटल संचालक व पीड़ित कर्मचारियों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली।

देवनानी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वर्दी के रौब के चलते होटल कर्मियों के साथ बेरहमी से मारपीट की गई वह निंदनीय है। दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। होटल संचालक नारायण सिंह ने बताया कि आईपीएस सुशील कुमार विश्नोई और आईएएस गिरधर बेनीवाल सहित अन्य लोगों ने गेगल थाना पुलिस की मौजूदगी में निर्दोष होटल कर्मियों से मारपीट की। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि दोषी अधिकारियों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। पीड़ित कर्मचारी अरविंद सिंह ने कहा कि होटल के बाहर घूम रहे स्टाफ के साथ बेवजह मारपीट की गई।

बाद में गेगल थाना पुलिस के साथ पहुंचकर सोते हुए होटल कर्मियों क बेरहमी से पीटा गया। पीड़ित कर्मचारी विकलांग है, इसके बावजूद भी उसे नहीं बख्शा गया। गौरतलब है कि होटल कर्मियों से मारपीट के मामले में आईपीएस सुशील कुमार विश्नोई, आईएएस गिरधर बेनीवाल सहित आठ लोगों को सस्पेंड कर दिया गया है।

**सेक्सटॉर्शन:** 64 वर्षीय बुजुर्ग को झांसा देकर ठगे थे 18.50 लाख रुपए

# साइबर ठगों को मुबंई पुलिस को सौंपा

बेधड़क | भरतपुर

सेक्सटॉर्शन कर मुम्बई के बांद्रा इलाके में एक उम्रदराज व्यक्ति से भरतपुर के दो ठगों ने झांसा देकर 18.50 लाख रुपए ठग लिए। बुधवार को थाना गोपालगढ़ की टीम ने बांद्रा पुलिस और मुंबई साइबर टीम के साथ आरोपियों के गांव पीपलखेड़ा में दबिश दी।

इसके बाद पुलिस ने आरोपी आरिफ मेव (21)और रामवीर प्रजापत (19) को पकड़ा और बाद में मुम्बई पुलिस के सुपुर्द कर दिया। एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि 22 सितम्बर 2022 को बांद्रा वेस्ट निवासी 64 वर्षीय परिवादी नेल्सन डि मेलो को रात



के समय पूजा शर्मा नामक महिला ने दोस्ती का झांसा दिया और वाट्सएप पर चैटिंग शुरू की।

इसके बाद वीडियो कॉल कर उसका अश्लील विडियो बना लिया। आरोपियों ने वीडियो सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इनके एक साथी ने दिल्ली साइबर क्राइम ब्रांच का अधिकारी विक्रम राठौड बनकर पीड़ित से 18 लाख 50 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। इसके संबंध मे थाना बांद्रा मुम्बई पुलिस को मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस जांच के दौरान आरोपियो का पुलिस थाना गोपालगढ के गांव पीपलखेडा के होना पाया गया।

इसके बाद बांद्रा पुलिस के उच्चाधिकारियों ने भरतपुर एसपी मृदुल कच्छावा से सम्पर्क किया गया तथा बांद्रा से एक पुलिस टीम एसआई बजरंग जगताप के नेतृत्व मे भरतपुर पहुंची। आरोपियों के पास ठगी की वारदात मे उपयोग मे लिए गए मोबाइल फोन भी मिले, जिन्हे बांद्रा पुलिस के हवाले कर दिया गया।

**युवती के ब्लाइंड मर्डर का खुलासा,** आरोपी गिरफ्तार

# एक तरफा प्यार में की थी हत्या

बेधड़क | डूंगरपुर

जिले के वाटडा गांव में हुई युवती के ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया। इस मामले में रामसागडा थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। वह युवती से एक तरफा प्यार करता था, जबकि युवती किसी ओर से प्रेम करती थी।

जिले के सीमलवाडा पुलिस उपाधीक्षक रामेश्वरलाल ने बताया कि वाटडा कामदी दरा निवासी सोम पुत्र धर्मा परमार ने 6 जून को थाने में एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि उसकी पोती 2 जून की रात को घर के आंगन में सोई हुई थी, जो सुबह लहूलुहान



हालत में मिली थी। उसको उदयपुर में सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। परिजनों ने किसी अज्ञात बदमाश की ओर से उसकी हत्या करने की रिपोर्ट दी थी। इस पर विशेष टीम का गठन कर जांच शुरू की गई। इस दौरान वाटडा कमदी दरा निवासी जवाहर पुत्र हरीश डामोर पर पुलिस टीम को संदेह हुआ तो उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस पर जवाहर ने युवती की हत्या करना स्वीकार कर लिया। पूछताछ में आरोपी जवाहर लाल ने बताया कि वह युवती से प्रेम करता था, लेकिन युवती किसी और लड़के से प्रेम करती थी। 2 जून की रात को जवाहर युवती के घर गया था। युवती सोई हुई थी।

उसे जगाकर जवाहर घर के पीछे ले जाने लगा, तो युवती ने इसका विरोध किया। इस पर आरोपी जवाहर ने उसका हाथ पकड़कर पत्थर पर पटक दिया। इससे युवती के सिर पर चोट लग गई और खून बहने लगा। यह देख आरोपी मौके से फरार हो गया था।

## जरूरी खबर

### पत्नी व बेटियों की हत्या के आरोपी ने की आत्महत्या



**मकराना।** पत्नी और दो बेटियों की हत्या के आरोप में जेल में बंद एक कैदी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बैरक में आरोपी मन्नाराम गुर्जर (55) का शव फंदे से लटका हुआ मिला। मामला नागौर के परबतसर की जेल का है। आरोपी मकराना के पास दिलढाणी गांव का रहने वाला था। शुरुआती जांच में सामने आया कि आरोपी ने मंगलवार रात को ही बैरक में आत्महत्या कर ली थी। बुधवार सुबह जेल सुपरिटेंडेंट ने परबतसर पुलिस को सूचना दी। इस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनिया गौरी ने जेल में मौका मुआयना किया।

### पिकअप से पांच गोवंश बरामद, दो मृत मिले

**झालावाड़।** जिले के कामखेड़ा थाना क्षेत्र के बड़बद गांव के पास लावारिस हालत में खड़ी एक पिकअप से पुलिस ने पांच गोवंश बरामद किए हैं। इनमें से दो गोवंश मृत मिले। गौपुत्र सेना की सूचना पर कामखेड़ा थाना पुलिस ने गोवंश को गोशाला भेजकर पिकअप को जब्त कर लिया। कामखेड़ा थानाधिकारी धनराज गुर्जर ने बताया कि बुधवार सुबह गोपुत्र सेना सदस्यों से सूचना मिली कि बड़बद गांव के सरकारी विद्यालय के पास एक पिकअप खड़ी है, जिसमें 5 गोवंश भरे हुए हैं। पुलिस ने बताया कि संभवतः गोतस्कर रात को पिकअप खराब होने पर उसे छोड़कर फरार हो गए। पुलिस चालक और वाहन मालिक की तलाश कर रही है।

### मोटर पार्ट्स की दुकान में भीषण आग से हड़कंप



**अजमेर।** जिले के अराईं में इलाके में स्थित एक मोटर पार्ट्स की दुकान में बुधवार को भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन की गाड़ियां मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से लाखों का माल जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार अराईं, पावर हाउस चौराहे के पास भावसा निवासी विजय सिंह की मोटर पार्ट्स की दुकान में आग लग गई, जिसने भीषण रूप ले लिया। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट होने आग लगी। हालांकि पुलिस कारणों की जांच कर रही है।


**अपराधियों के काल साबित होंगे हाई रिजोल्यूशन कैमरे**

# अब तीसरी आंख ज्यादा चौकस, संदिग्ध के दिखते ही हो जाएगी पहचान

बेधड़क | अलवर

जिले में बढ़ते अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। अब अपराधियों पर नकेल कसने के लिए जिले में 'तीसरी आंख' अब और चौकस हो जाएगी। अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए उच्च तकनीक से लैस कैमरे अब अपराधियों की पहचान करने में पुलिस के सहायक बनेंगे।

प्रदेश में सबसे ज्यादा एफआईआर अलवर जिले में दर्ज होती हैं। अलवर एनसीआर का हिस्सा है, इसलिए यहां अपराध भी अन्य जिलों की तुलना में ज्यादा होता है। प्रदेश का सीमावर्ती जिला होने के कारण घटनाओं को अंजाम देने के बाद बदमाश हरियाणा,



दिल्ली और उत्तर प्रदेश सीमा में चले जाते हैं।

तेजी से बढ़ते अपराध के ग्राफ को देखते हुए निजी कंपनी के सहयोग से अलवर जिले की सड़कों पर फेस रिकॉग्निशन कैमरे लगाए गए हैं। एक निजी कंपनी की मदद से 5 कैमरे अलवर पुलिस को मिले हैं। इन कैमरों को अलग-अलग जगह पर स्टाल किया गया है। एक-दो दिन में कैमरे काम करने लगेंगे। अलवर पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि कैमरा को पुलिस कंट्रोल रूम से अटैच किया जाएगा। कैमरे में बदमाश की फोटो और पूरी जानकारी दर्ज की जाएगी। जैसे ही कैमरे की रेंज से बदमाश गुजरेगा, उसकी सूचना तुरंत कंट्रोल रूम पर मिलेगी। ऐसे में बदमाशों को पकड़ने में मदद मिलेगी। एसपी ने कहा कि फेस रिकॉग्निशन कैमरे अपराधियों के लिए काल साबित होंगे। ये कैमरे पूरी तरह से नए तकनीकों से लैस होते हैं और पूरी तरह से हाई रिजोल्यूशन वाले हैं। अपराधियों की जानकारी और फोटो फेस रिकॉग्निशन सिस्टम में फिट कर दी जाती है। जब भी अपराधी एफआरएस के किसी भी कैमरे में नजर आएगा तो तुरंत कंट्रोल रूम में अलर्ट मैसेज आ जाएगा। इसके बाद वहां बैठा ऑपरेटर आस-पास मौजूद पुलिस को सूचना देगा।

### शहर में 350 कैमरे, अनेक वारदातों के खुलासे में मदद

अकेले अलवर शहर में 350 सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। इनमें से कुछ कैमरे लाइव हैं तो कुछ में रिकॉर्डिंग होती है। सभी कैमरे पुलिस के अभय कमांड सेंटर से जुड़े हुए हैं। शहर के प्रमुख बाजारों व रास्तों पर भी विभिन्न संस्थाओं व भामाशाह की मदद से 200 कैमरे लगवाए गए हैं। इसके अलावा जिले की 11 विधानसभाओं के बाजार मुख्य रास्तों पर बड़ी संख्या में कैमरे लगे हुए हैं। साथ ही रेलवे स्टेशन बस स्टैंड अलवर जिले में आने व जिले से बाहर जाने वाले सभी प्रमुख रास्तों पर कैमरे लगे हुए हैं,



जिनकी मदद से पुलिस बदमाशों पर नजर रखती है। अलवर पुलिस के लिए कैमरे खासे मददगार साबित हो रहे हैं। इनसे दर्जनों बाइक चोरी और कई बड़ी घटनाओं में अपराधियों तक पहुंचने में मदद मिली है। साथ ही कई लूटपाट जैसी बड़ी घटनाओं में भी कैमरों की मदद से पुलिस ने बदमाशों को पकड़ा है।

### कैमरे के सामने आते ही पुलिस को अपराधी की मिल जाएगी जानकारी

एफआरएस यानी फेस रिकॉग्निशन कैमरा अपराधियों की फोटो देखते ही उनकी पहचान कर लेगा। इस कैमरे की ऐसी तकनीक है कि जो अपराधियों या फिर आतंकियों के चेहरे को देखते ही पहचान लेता है और सुरक्षाकर्मियों को अलर्ट कर देता है। ये कैमरा एक कंप्यूटर सिस्टम से जुड़ा होता है, जिसमें आतंकियों और बदमाशों की तस्वीरों के साथ-साथ उनका पूरा डाटा होता है। किसने, कब, कहां और क्या क्राइम किया है सारी डिटेल उसकी सामने आ जाती है। इतना ही नहीं, सिस्टम में फीड की गई फोटो से मिलता जुलता चेहरा भी अगर कैमरे के सामने से गुजरता है तो कैमरा तुरंत एक्टिव हो जाता है।

## REET लेवल-2: सभी रिजल्ट जारी, अब नियुक्ति की बारी

# हिन्दी व संस्कृत में 4984 को दी जाएगी जॉइनिंग

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान कमर्चारी चयन बोर्ड ने शिक्षक भर्ती परीक्षा रीट लेवल-2 का हिंदी और संस्कृत विषय का रिजल्ट जारी कर दिया है। अभी दोनों विषयों के पदों से लगभग दोगुना अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है।

डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और जिला आवंटन के बाद मैरिट के आधार पर इन्हें अगस्त तक पोस्टिंग दी जा सकती है। बोर्ड द्वारा हिंदी के कुल 3176 पदों के लिए चयन किया जाएगा। इनमें 2577 अभ्यर्थियों को नॉन टीएसपी, जबकि 599 अभ्यर्थियों को टीएसपी क्षेत्र में पोस्टिंग दी जाएगी। संस्कृत के लिए 1808 पदों पर अभ्यर्थियों का चयन होगा। इनमें 1332 पदों पर नॉन टीएसपी जबकि 476 पदों पर टीएसपी क्षेत्र में पोस्टिंग दी जाएगी। गौरतलब है कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने अब तक रीट लेवल-1 और लेवल-2 के सभी विषयों का रिजल्ट जारी कर दिया है। जानकारी के मुताबिक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया इसी माह शुरू होने की संभावना है।



### ये है पदों का गणित

- लेवल-1 -21000
- लेवल-2 अंग्रेजी - 8782
- लेवल-2 साइंस/मैथ्स -7435
- लेवल-2 सोशल स्टडीज -4712
- लेवल-2 हिंदी -3176
- लेवल-2 संस्कृत -1808
- लेवल-2 उर्दू -806
- लेवल-2 पंजाबी -272
- लेवल-2 सिंधी -9

### कटऑफ- हिन्दी

- सामान्य 235.48
- ओबीसी 231.07
- ईडब्ल्यूएस 226.20
- एमबीसी 223.25
- एससी 219.32
- एसटी 209.43

### कटऑफ- संस्कृत

- सामान्य 224.38
- ओबीसी 217.81
- ईडब्ल्यूएस 216.78
- एमबीसी 212.49
- एससी 200.81
- एसटी 67.4011

## MNIT में एन-लीप वर्कशॉप में जुटे शिक्षाविद्

# एजुकेशन, रैंकिंग फ्रेमवर्क और वर्किंग कल्चर पर हुई चर्चा

बेधड़क | जयपुर

एनआईटी-लीडरशिप फॉर एकेडेमिशियंस प्रोग्राम (एन-लीप) पर एमएनआईटी में आयोजित कार्यशाला के दूसरे दिन शिक्षाविदों ने एनआईटी सहित शिक्षा के संपूर्ण ढांचे के संबंध में चर्चा की। एनआईटी उत्तराखंड के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने आईपीआर, अनुसंधान और परामर्श के व्यापक पहलुओं पर अपनी बात रखी। उन्होंने एनआईटीज में एमटेक छात्रों का ड्रॉप आउट होना, अच्छी गुणवत्ता वाले शिक्षकों का चयन, संस्थान की आर्थिक स्थिति, टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ की टीम में सामंजस्य जैसी चुनौतियों पर चर्चा की।



### रैंकिंग से नहीं खुशी से आंकें क्वालिटी

एमएनएनआईटी इलाहाबाद के निदेशक प्रो.रमा शंकर वर्मा ने एनआईआरएफ की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खुशी, काम के माध्यम से संस्थान की पहचान होनी चाहिए, रैंकिंग से नहीं। एनआईटी सिक्किम के निदेशक प्रो. एम सी गोविल ने 5R- राइट टाइम-क्वालिटी-प्लेस- प्राइज और राइट क्वांटिटी पर विचार रखे।

### संकाय संबंध सुधारने को बनें टी-क्लब

एनआईटी वारंगल के निदेशक प्रो. विद्याधर सुबुद्धि ने कहा कि एक समग्र प्रणाली और निर्णय एक संस्थान को रैंकिंग प्रणाली का पीछा करने की तुलना में बेहतर स्थिति में ले जा सकता है। एमएनआईटी निदेशक प्रो. एनपी पाढ़ी ने हर विभाग में टी-क्लब होने चाहिएं, इससे संकाय सदस्यों के बीच संबंध मधुर हो सकते हैं।

## YI का ब्रेनस्टॉर्मिंग सेशन होगा आज

**जयपुर।** यंग इंडियंस (वाईआई), जयपुर चैप्टर की ओर से गुरुवार को 'बिल्डिंग एन इको सिस्टम फॉर बिजनेस एंड वर्क टुवड्र्स इंडस्ट्री 4.0' विषय पर ब्रेनस्टॉर्मिंग सेशन आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से सीतापुरा स्थित पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कैंपस में होगा। इसमें यंग इंडियंस के अचीवर्स, बिजनेस नेटवर्किंग से जुड़े संस्थानों के प्रतिनिधि व इंडस्ट्री एक्सपर्ट शामिल होंगे। वाईआई, जयपुर चैप्टर (युवा) के चेयर राहुल कालानी ने बताया कि उद्घाटन के बाद विशेषज्ञों के दो सेशन आयोजित होंगे। 'फ्यूचर ऑफ जॉब्स इन आईटी एंड नॉन आईटी सेक्टर' एवं 'रिसर्च एंड इनोवेशन एज ए वे ऑफ लाइफ' में विभिन्न विषयों पर बात होगी।

## CM से मिले नवचयनित अधिकारी

**जयपुर।** राजस्थान राज्य के सिविल सेवा परीक्षा में चयनित अधिकारियों के प्रतिनिधिमण्डल ने बुधवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गहलोत ने कहा कि लंबी एवं कठिन प्रक्रिया से गुजरने के बाद अभ्यर्थी सिविल सेवा परीक्षा में सफल हो पाते हैं। उन्होंने कहा कि विनम्रता, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करने वाले अधिकारी



सब जगह सम्मान पाते हैं। गहलोत ने नवचयनित अधिकारियों से राज्य में चल रही योजनाओं पर चर्चा की। इस दौरान अधिकारियों ने भी योजनाओं व अपनी शिक्षा के दौरान के अनुभव साझा किए।

## संस्कृत विवि में 60 पदों पर भर्ती

**जयपुर।** जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में खाली पड़े पदों पर भर्ती की राह खुल गई है। विश्वविद्यालय में 60 पदों पर भर्ती के लिए राज्य सरकार की स्वीकृति मिल गई है। कुलपति रामसेवक दुबे ने बताया कि पिछले 13 वर्ष से विश्वविद्यालय में कोई भर्ती प्रकिया नही हो पाई थी। कुलसचिव दुर्गेश राजोरिया ने बताया कि पदों का वर्गीकरण रोस्टर तैयार कर लिया गया है, यथाशीघ्र विज्ञापन जारी किया जाएगा।

### इन पदों पर होगी भर्ती

- प्रोफेसर- 6 पद
- एसो.प्रोफेसर- 9 पद
- निदेशक अनुसंधान केंद्र- 1 पद
- राजस्थान मंत्र प्रतिष्ठान- 6 पद
- परीक्षा नियंत्रक- 1 पद
- सहायक कुलसचिव- 2 पद
- उप कुलसचिव- 1 पद
- कम्प्यूटर प्रोग्रामर- 1 पद
- ऑपरेटर, स्टेनोग्राफर-1-1 पद
- पुजारी- 2 पद
- कनिष्ठ लिपिक- 20 पद

## जयपुर के पार्थ ने हासिल की एआईआर-10, पुरू की 58वीं रैंक

# NEET टॉप-100 में जयपुर के 4 होनहार

बेधड़क | जयपुर

नीट-यूजी में राजस्थान देशभर में तीसरे स्थान पर रहा है। राज्य के एक लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स ने इस कठिन परीक्षा को पास किया है। जयपुर के पार्थ खंडेलवाल ने आल इंडिया रैंक-10 हासिल की है। साथ ही पुरु खंडेलवाल 58वीं रैंक हासिल की है। इन्हें मिलाकर चार विद्यार्थियों ने टॉप 100 में जगह बनाई है। प्रियांशी गर्ग ने 66वीं व वेदिका गुप्ता ने 79वीं रैंक हासिल की है। इनके साथ ही अन्य सफल स्टूडेंट्स के घरों और संस्थानों पर बुधवार को दिनभर उल्लास का माहौल रहा। इन्हें बधाई देने के लिए लोगों को तांता लगा रहा। इन छात्रों ने अपने जूनियर्स के साथ अपने सक्सेस मंत्र साझा किए और परीक्षा को पास करने के टिप्स बताए।

### कंसिस्टेंट हार्डवर्क ही सफलता की कुंजी: पार्थ



आल इंडिया पर रेंक- 10 हासिल करने वाले पार्थ खंडेलवाल ने बताया कि यदि संगति अच्छी है तो आपका सब अच्छा होगा। मुझे अच्छे दोस्त, अच्छी फैकल्टीज और अच्छी फैमिली मिली। बड़ी बहन जाह्नवी खंडेलवाल मुझे इंस्पायर करती हैं जो एमबीबीएस कर रही हैं। पार्थ ने बताया कि नियमित हार्डवर्क ही सफलता की कुंजी है। मैने कभी घड़ी देखकर पढ़ाई नहीं की। उन्होंने बताया कि मैं फिलहाल दिल्ली एम्स से एमबीबीएस करना चाहता हूं और न्यूरो या कार्डियोलॉजी में जाना चाहता हूं।

### रिलेक्स होकर तैयारी करना फायदेमंदः पुरू



आल इंडिया रैंक 58 हासिल करने वाले पुरू खंडेलवाल ने कहा कि यदि रिलेक्स होकर बिना किसी तनाव के पढ़ाई की जाए तो बहुत आसानी से सबकुछ समझा जा सकता है। यही सफलता का कारण भी बनता है। मेरी प्रॉब्लम सॉल्विंग एप्रोच अलग है, स्ट्रेटजी अच्छी बना लेता हूं। जब नीट की तैयारी शुरू की तो इनऑर्गेनिक केमेस्ट्री में दिक्कत आती थी। उन्होंने कहा कि फुटबॉल और क्रिकेट पसंद है। जब भी लगता था बहुत पढ़ाई हो गई तो रिलेक्स रहने के लिए फैमिली के साथ टाइम बिताता था। एम्स दिल्ली से एमबीबीएस करना चाहता हूं।

### रावत पब्लिक स्कूल की मेहा का सलेक्शन



रावत पब्लिक स्कूल प्रताप नगर की छात्रा मेहा चौधरी का नीट यूजी में चयन हुआ है। मेहा ने बताया कि वह भविष्य में न्यूरोसर्जन बनना चाहती है। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत ने मेहा की उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि विद्यालय में प्रारंभिक स्तर से ही विद्यार्थियों को इस तरह से गाइड किया जाता है जिससे वे हर प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयार हो सकें। उन्होंने इस सफलता में शिक्षकों के दिशा निर्देशन की भी सराहना की।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

“राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं उनके सम्मानपूर्ण जीवन यापन के लिए संकल्पित भाव से कार्य कर रही है। इसी दिशा में वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत प्रदेश के हजारों वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा करवाकर उनकी मनोकामना राज्य सरकार पूर्ण कर रही है। राजस्थान के वरिष्ठ नागरिक अब इस योजना के तहत विदेश के तीर्थस्थलों के भी दर्शन कर सकते हैं।”



अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री, राजस्थान

वरिष्ठ नागरिक
तीर्थ यात्रा योजना

आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए सामाजिक सरोकार का अभिनव प्रयास

- अब तक कुल 1,17,346 लाभान्वित
- वर्ष 2022-23 में 18 हजार वरिष्ठ नागरिकों को ट्रेन से और 2000 यात्रियों को हवाई जहाज से यात्रा की सुविधा
- रामेश्वरम-मदुरई, जगन्नाथपुरी, तिरूपति, द्वारकापुरी-सोमनाथ, वैष्णो देवी-अमृतसर, प्रयागराज-वाराणसी, मथुरा-वृंदावन, गंगासागर (कोलकाता), सम्मेद शिखर-पावापुरी-बैद्यनाथ, उज्जैन-ओंकारेश्वर-त्रयम्बकेश्वर, कामाख्या (गुवाहाटी), हरिद्वार-ऋषिकेश-अयोध्या, बिहार शरीफ, वेलनकानी चर्च (तमिलनाडु) तथा पशुपतिनाथ-काठमांडू (नेपाल) की यात्रा
- यात्रा के दौरान बुजुर्गों की समस्त सुविधाओं का ख्याल और सम्पूर्ण व्यय का वहन

राजस्थान संवाद



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

## स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की ताजा रिपोर्ट

# एटम बम की खतरनाक होड़



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) की ताजा रिपोर्ट चिंतित करने वाली है कि यूएसए, रूस, यूके, फ्रांस, उत्तर कोरिया और इजरायल जैसे परमाणु हथियारों से संपन्न देश अभी भी परमाणु हथियारों की होड़ में संलग्न हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में इस समय 12,512 एटम बम हैं। पिछले साल के मुकाबले इसमें 86 फीसदी की वृद्धि हुई है। अमेरिका के पास इस वक्त 5,244, रूस के पास 5,889 भारत के पास 164 तो पाकिस्तान के पास 170 एटम बम हैं। गौर करें तो कुल एटम बम का 90 फीसदी हिस्सा रूस और अमेरिका के पास है। भारत के लिए चिंता की बात यह कि पड़ोसी देश चीन और पाकिस्तान दोनों ने अपने परमाणु हथियारों की संख्या में जबरदस्त इजाफा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन के पास जनवरी 2022 में 350 एटम बम थे, लेकिन उसने इसे बढ़ाकर जनवरी 2023 तक 410 कर लिया है। इसी तरह पाकिस्तान ने भी वृद्धि की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस-यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद से परमाणु हथियारों की जानकारी देने में पारदर्शिता घटी है।

जबकि 2021 में सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों ने परमाणु हथियारों को कम करने का वादा किया था। एक सच यह भी कि अमेरिका और रूस ने अपने तकरीबन 2000 एटमी हथियारों को हाई एलर्ट पर रखा है। कुल मिलाकर यह स्थिति परमाणु अप्रसार संधि को मुंह चिढ़ाने वाली है। अभी गत वर्ष ही संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनिया गुटेरस ने 50 साल पुरानी परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) की 10वीं समीक्षा बैठक में परमाणु हथियारों की बढ़ती होड़ को लेकर गंभीर चिता जताई थी। तब अंतरराष्ट्रीय परमाणु उर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रोसी ने भी उनके सुर में सुर मिलाया था। समीक्षा बैठक में अमेरिका, रूस, जापान, जर्मनी समेत कई देशों ने अपने पक्ष रखे लेकिन मौजूदा तस्वीर से साफ है कि कोई भी देश परमाणु हथियारों की होड़ में किसी से कम रहना नहीं चाहता। एक अन्य शोध के मुताबिक इन एटम बमों के जरिए दुनिया को एक दो बार नहीं बल्कि दर्जनों बार मिटाया जा सकता है। आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका ने 1945 के बाद से हर नौ दिन में एक के औसत से परमाणु परीक्षण किया है। 1945 के बाद से दुनिया में कम से कम 2060 ज्ञात परमाणु परीक्षण हो चुके हैं जिनमें से 85 फीसदी परीक्षण अकेले अमेरिका और रूस ने किए हैं। ये दोनों देश विश्व की महाशक्तियां हैं और दुनिया के अधिकतर देश इन्हीं दोनों देशों के खेमे में बंटे हुए हैं।

*आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका ने 1945 के बाद से हर नौ दिन में एक के औसत से परमाणु परीक्षण किया है। 1945 के बाद से दुनिया में कम से कम 2060 ज्ञात परमाणु परीक्षण हो चुके हैं, जिनमें से 85 फीसदी परीक्षण अकेले अमेरिका और रूस ने किए हैं। ये दोनों देश विश्व की महाशक्तियां हैं और दुनिया के अधिकतर देश इन्हीं दोनों देशों के खेमे में बंटे हुए हैं। इसमें से अमेरिका ने 1032, रूस ने 715, ब्रिटेन ने 45, फ्रांस ने 210, चीन ने 45 परीक्षण किए हैं।*

इसमें से अमेरिका ने 1032, रूस ने 715, ब्रिटेन ने 45, फ्रांस ने 210, चीन ने 45 परीक्षण किए हैं। अमेरिका ने 16 जुलाई, 1945 को मैक्सिको के आल्मागार्दो रेगिस्तान में परमाणु बम का परीक्षण किया और उसके बाद से परमाणु युग की शुरुआत हो गई। अमेरिका की तर्ज पर सोवियत संघ ने 1949 में, ब्रिटेन ने 1952 में, फ्रांस ने 1958 में तथा चीन ने 1964 में अपना पहला परमाणु परीक्षण किया। इस बिरादरी में भारत भी सम्मिलित हुआ जब उसने 18 मई, 1974 को पोखरन में अपना प्रथम भूमिगत परीक्षण किया। हालात यह है कि आज समूची दुनिया कभी न खत्म होने वाली परमाणु परीक्षणों की घुड़दौड़ में शामिल हो गई है। उल्लेखनीय है कि परमाणु अस्त्रों के उत्पादन को सीमित करने तथा उनके प्रयोग एवं उनके परीक्षण पर रोक लगाने के संबंध में संसार की दो महाशक्तियों के बीच 1967 की परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) हुई। इसे 12 जून 1968 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारी बहुमत से स्वीकृति प्रदान की और 5 मार्च 1970 से प्रभावी हो गई। इस संधि के अंतर्गत यह व्यवस्था दी गई कि कोई भी परमाणु संपन्न देश अकेले या मिलकर अपने अस्त्र किसी भी राष्ट्र को नहीं देंगे। संधि पर हस्ताक्षर करने वाला प्रत्येक राष्ट्र आणविक अस्त्रों की होड़ समाप्त करने एवं आणविक निःशस्त्रीकरण को प्रभावशाली बनाने के लिए बाध्य होगा। तब इस संधि के प्रारूप पर आपत्ति जताते हुए भारत ने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। भारत के अनुसार यह संधि भेदभावपूर्ण, असमानता पर आधारित एकपक्षीय एवं अपूर्ण है। भारत अब भी अपने पुराने तर्क पर कायम है कि आणविक आयुधों के प्रसार को रोकने और पूर्ण निःशस्त्रीकरण के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए क्षेत्रीय नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रयास किया जाना चाहिए। भारत का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम का उद्देश्य रचनात्मक विकास और मानवता के कल्याण के लिए है। वह परमाणु कार्यक्रम का उपयोग अंतरिक्ष में उपग्रह छोड़ने, उपग्रह से एकत्रित आंकड़ों को बेचने, दूर संचार व दूर संवेदन जैसे कामों में कर रहा है। भारत वैश्विक शांति के लिए प्रतिबद्ध है। गौर करें तो भारत हमेशा से परमाणु उर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग का पक्षधर और परमाणु शस्त्र नियंत्रण व निरस्त्रीकरण का समर्थक रहा है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में 1954 में ही स्टैंड स्टील एग्रीमेंट अर्थात 'यथास्थिति वाले समझौते' के माध्यम से सबसे पहले परमाणु शस्त्र नियंत्रण की आवाज उठाई जबकि अन्य राष्ट्र इस बारे में जागरूक नहीं थे। भारत हमेशा एक परमाणु अस्त्रों से मुक्त विश्व गढ़ने का समर्थन किया है। एक व्यापक एवं सार्वभौमिक परमाणु परीक्षण निषेध संधि बनाने पर जोर दिया है। ध्यान देना होगा कि 1963 में आंशिक परमाणु परीक्षण निषेध संधि (पीटीबीटी) के पांच धाराओं वाली संधि के अंतिम रूप प्रदान करने में भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दिसंबर 1993 में भारत ने अमेरिका के साथ मिलकर व्यापक परमाणु परीक्षण निषेध संधि का ब्यौरा संयुक्त राष्ट्र महासभा में पेश किया।

भारत ने परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्रों की परमाणु हथियारों के परीक्षण को जितना गंभीरता से विरोध किया, उतना अन्य किसी दूसरे राष्ट्र ने नहीं किया। भारत निरस्त्रीकरण और शस्त्र नियंत्रण को एक-दूसरे का पर्याय मानता है। शस्त्र नियंत्रण निरस्त्रीकरण का अनिवार्य अंग है। दोनों का मूल उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय समाज में हिंसा व शक्ति के प्रयोग को रोकना व सीमित करना है। जून, 1982 में भारत ने संयुक्त राष्ट्र की महासभा में निरस्त्रीकरण पर पांच सूत्रीय ठोस कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसकी चतुर्दिक सराहना हुई। अक्सर भारत की परमाणु नीति को 1974 और 1998 के परमाणु परीक्षण से जोड़ते हुए उसे संदेह की परिधि में रखा जाता है, लेकिन यह तार्किक नहीं है। यह भारत की आर्थिक आवश्यकता की पूर्ति और आत्मसुरक्षा के लिए बेहद आवश्यक है। इसलिए और भी कि चीन ने 1964 में परमाणु विस्फोट कर सामरिक रूप से असंतुलित कर दिया था। मौजूदा समय में भारत का तीन स्तरीय स्वदेशी परमाणु विकास का कार्यक्रम मूलतः शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। यह ऊर्जा उत्पादन एक अहम अंग है। चूंकि शीतोयुद्धोत्तर युग के आर्थिक सुधारों एवं विश्व में भूमंडलीकरण के बाद आए नए बदलावों ने परमाणु कार्यक्रमों को बहुत महत्वपूर्ण बना दिया। इस लिहाज से भारत को भी अपनी बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए परमाणु संयंत्रों की स्थापना आवश्यक था। आज की तारीख में भारत की परमाणु नीति का उद्देश्य ऊर्जा उत्पादन तक सीमित न रहकर संभावित शस्त्र उत्पादन से भी जुड़ गया है, लेकिन इसमें कोई बुराई नहीं है। इसलिए कि शीतयुद्धोत्तर युग में संघर्ष में आई कमी के बावजूद दक्षिण एशिया में शांति के युग का प्रारंभ नहीं हुआ है। बाह्य शक्तियों के हस्तक्षेप, विशेषकर अमेरिका की नीतियों में कोई क्रांतिकारी परिवर्तन नहीं होना, मध्य एशियाई गणराज्यों की उत्पत्ति, पाकिस्तान में आंतरिक अशांति तथा अफगानिस्तान की समस्या से किसी भी समय स्थिति नाजुक बन सकती है। वैसे भी भारत के पड़ोसी देश विशेष रूप से चीन और पाकिस्तान दोनों परमाणु अस्त्रों से लैस हैं। पाकिस्तान ने 1998 में परमाणु परीक्षण किया और उसी समय से लगातार भारत को धमकी दे रहा है।

उधर, भारत-चीन संबंधों में सुधार के प्रयत्नों के बावजूद भी उत्तर-पूर्वी सीमा की सुरक्षा के संबंध में निश्चिंत नहीं हुआ जा सकता। बहरहाल भारत के परमाणु कार्यक्रम का उद्देश्य पाकिस्तान की तरह किसी देश को धमकी देना नहीं बल्कि रचनात्मक विकास और मानवता के कल्याण के लिए है। ऐसे में आवश्यक है कि दुनिया के सभी देश मानवता को बचाने के लिए परमाणु हथियारों की होड़ से बाहर निकल मानवतावादी भारत का अनुसारण करें।



*भारत को भी अपनी बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए परमाणु संयंत्रों की स्थापना करना आवश्यक था। आज की तारीख में भारत की परमाणु नीति का उद्देश्य ऊर्जा उत्पादन तक सीमित न रहकर संभावित शस्त्र उत्पादन से भी जुड़ गया है, लेकिन इसमें कोई बुराई नहीं है। इसलिए कि शीतयुद्धोत्तर युग में संघर्ष में आई कमी के बावजूद दक्षिण एशिया में शांति के युग का प्रारंभ नहीं हुआ है।*

---

**व्यंग्य**

# बिजली के खंभे पर लटके नेताजी



डॉ. प्रेमचंद द्वितीय
व्यंग्यकार

चुनावी वर्ष है और चुनाव के पहले अनेक तबकों की अहमियत बढ़ जाती है। साथ ही नगर में खड़े खंभों की भी उपयोगिता बढ़ जाती है। जिन खंभों को कोई देखता नहीं था, वे खंभे अपने ऊपर लटके नेताओं के चित्र और उनकी विरूदावली लटकाए हुए खड़े हैं। खास बात यह है कि जहां बिजली के खंभों पर लटके नेताजी करंट मार रहे हैं, वहीं बीएसएनएल के चलन से बाहर हो गए खंभों की भी हैसियत लटके हुए नेताजी ने बढ़ा दी है। वैसे भी लोकतंत्र में खंभों का महत्व है। पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा खंभा है। चुनाव के दरमियान लोकतंत्र के खंभों में शामिल बिजली-टेलीफोन के खंभे चुनाव में उम्मीदवारों के बीच खम्ब ठोकने की प्रेरणा दे रहे हैं।

चुनाव के पहले नगर में खड़े बिजली-टेलीफोन के खंभे नकारा ही बजते हैं। इन खंभों पर कभी कटी पतंगें तो रात मे उड़ने वाले पतंगें, तोते वगैरह बैठे दिखते हैं। साढ़े चार साल तक मृतप्राय खड़े खंभों पर किसी की दृष्टि नही पड़ती है, लेकिन जैसे ही चुनाव आने वाले होते हैं। इन खंभों पर चुनाव लड़ने वालों की दृष्टि पड़ती है। गली मोहल्ले के खंभों से ज्यादा चौराहों के खंभों की वैल्यू रहती है। चौराहों के खंभे पर लटकने के लिए नेताओं में होड़ मचती है। हर कोई चौराहे के खंभे पर लटकना चाहता है। चौराहे पर लटकने की तीव्र इच्छा शक्ति रखने वाले नेता जी जानते हैं कि भले ही एक बार चौराहे पर लटक जाएं और आने वाले पांच साल तक लोगों को लटकाने का लाइसेंस प्राप्त कर लेंगे। चौराहे पर रात में खंभे पर लटके दावेदारों को पंडित शिवनारायण जी ने देखने और पढ़ने की कोशिश की। उन्हें पिछले चुनाव में लड़े नेताजी की जगह मोहल्ले के फुंदीलाल जैसे शॉर्ट टाइम के बने नेताजी का चित्र दिखा। कई चेहरों द्वारा पिछले चुनाव के आश्वासनों का नकाब पहने जाने के कारण वे पहचान नहीं सके।


इसी कारण मॉर्निंग वाक के दौरान पंडित जी और मॉर्निंग वाकिए खंभों की महत्ता को जानने के लिए चौराहे पर घूमते-घूमते पहुंचे तो खंभों में अनेक दावेदार लटके देखकर दिमाग घूम गया। चौराहे पर वे चेहरे दिखे जो मुरझाए हुए थे, कुछ के चेहरे पर बुढ़ापे की झुर्रियों की सलवटें थी। कुछ अनजान थे, जिन्होंने केवल अपना नाम चलाने के लिए खुद को खंभों पर लटका रखा था। कुछ चेहरे पिछले चार पांच चुनाव में खंभों पर लटक-लटक कर खुद ही लटक गए थे।

चौराहे पर पंडित जी और घुमंतुओं को देखकर एन सुबह लटके नेताओं को देखने वालो की भीड़ देखकर लचक राम जी लचकते हुए आ पहुंचे और बोले ये सभी बहरूपिया दिख रहे हैं और बहरूपिया भी वे ही बनते दिख रहे हैं, जिनके पास बहु रुपया होता है। इन खंभों की मेहरबानी समझो कि इन पर लटके नेता ही लोकतंत्र का एक बड़ा खंभा हासिल कर लेते हैं। लगता है वोट की ईवीएम पेटी ये खंभे ही भरते हैं, जिन पर वे चमगादड़ की तरह उल्टे और अन्य परिंदों की तरह सीधे और अनजान बन कर लटकते हैं।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
दिनों का हुआ अर्द्धशतक, राहत पहुंच चुकी इन तक, लाभार्थी परिवार 1.58 करोड़+ गारंटी कार्ड होल्डर 6.98 करोड़+ महिला, बुजुर्ग, जवान सभी आकर पाएं मुस्कान।

**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
आवश्यक ध्यान और तीव्रता के साथ ब्रह्मांड का हर द्वार आपके लिए खुल जाएगा।





**विवेक बिंद्रा,** उद्यमी
@DrVivekBindra
यदि तुम सूर्य को खो बैठने पर आंसू बहाओगे तो तारों को भी खो बैठोगे -रवीन्द्रनाथ टैगोर

---

**यादों की पोटली से...**

# अनपढ़ विधायक की डांट से ही बैलेंस होती है UPSC से मिली फूंक



मुकुल गोस्वामी,
लेखक आकाशवाणी व दूरदर्शन कमेंटेटर, खिलाड़ी और प्रसारणकर्मी हैं

*डॉक्टर्स, जिन्हें भगवान माना जाता था, आज उन्हें काम करने के लिए सुरक्षा चाहिए। वकीलों को सुरक्षा चाहिए। राजनेताओं को सुरक्षा चाहिए। आखिर ऐसी परिस्थितियां बन क्यों रही हैं।*

अजमेर में युवा आईपीएस और आईएएस द्वारा होटलकर्मियों की पिटाई का जिक्र अखबारों से लेकर सोशल मीडिया में भरा हुआ है। हो भी क्यूं न। जिनके माथे पर कानून को निभाने का जिम्मा है और वो ही कानून तोड़ेंगे तो हल्ला मचना स्वाभाविक है। वो भी शराब के नशे में ऐसा करना और भी गैर जिम्मेदाराना लगता है। लेकिन एक उच्च पुलिस अधिकारी तो कानून की पालना कर रहा था, लोगों की जान बचाने की कोशिश में था। उसको हटाने पर न तो जनता बोली ना ही सोशल मीडिया। अखबार इसलिए चुप थे क्यूंकि उनके मुंह तक विज्ञापन भरे हुए थे। जनता या न्यायपालिका के लिए ये खबर, खबर नहीं थी। कितनी विडंबना है? मुझे आज भी याद है समित शर्मा नागौर में जिला कलेक्टर थे और अशोक जी की सरकार में ही उनका स्थानांतरण हुआ। जनता सड़क पर थी और शायद ही किसी अखबार के इतिहास में सम्पादकीय किसी आईएएस पर हो। दो युवा आईएएस काला चश्मा पहने हुए थे, सस्पेंड हो गए। कोई शोर शराबा नहीं। एक जनप्रतिनिधि ने सरे मीटिंग एक आईपीएस को थप्पड़ जड़ दिया। दशकों बाद उन्हें न्याय मिला, लेकिन एक आईएएस ने पार्टी के एक प्रतिनिधि को थप्पड़ जड़ दिया तो 6 महीने तक अवकाश पर रहे। आप करें तो रास है, हम करें तो पाप। खैर, यहां मुद्दा मारपीट नहीं है ना ही मारपीट को न्यायोचित कहा जा सकता है, लेकिन जब से मैं ब्रॉडकास्ट की दुनिया में आया हूं सैकड़ों ऐसे वाकये हुए हैं, जो दर्शाते हैं कि हमारी असंवेदनशीलता बढ़ गई हैं।

डॉक्टर्स को भगवान माना जाता था, आज उन्हें काम करने के लिए सुरक्षा चाहिए। वकीलों को सुरक्षा चाहिए। राजनेताओं को सुरक्षा चाहिए। आखिर ऐसी परिस्थियां बन क्यों रही हैं। मुझे याद है एक आईएएस थे, जो उप मुख्यमंत्री से भिड़ गए। सीएस ने साथ नहीं दिया तो इस्तीफा टाइप करने के लिए हमें बुलाया। अच्छी भली सरकारी नौकरी छोड़ने को अमादा। खैर दो तीन घंटे बाद गुस्सा शांत हुआ। ठंडे दिमाग से समझाया गया तो मान गए, लेकिन ठान लिया कि इस नेता को इसके क्षेत्र में जमानत जब्त करवाऊंगा। करके दिखा भी दिया। पर कितने लोग होंगे, जो ऐसा कर पाते हैं। बीकानेर में जिला कलेक्टर थे दबंग। तोड़फोड़ के कारण एक राज्य के राज्यपाल महोदय कुपित हो गए। उनके स्थानांतरण आदेश भी हो गए पर विदाई समारोह के बीच ही रद्द भी हो गए। उसके बाद उन्होंने वही किया जो खुद चाहते थे। दरअसल आज प्रशासनिक सेवा में जाने से प्रतिभाशाली युवा क्यों कतरा रहे हैं? उसके पीछे एक कारण इस तरह का अपमान भी है।

सिर्फ माइक खराब हो जाने से या नीचे के अधिकारी की गलती से आपको APO किया जा सकता है तो क्यों युवा आगे आएगा। मैंने एक IIT के युवा छात्र से पूछा तो उसका जवाब था, मैं पढ़े-लिखे बॉस की डांट खा सकता हूं पर छठी पास जनप्रतिनिधि मुझे ज्ञान दे, ये बर्दाश्त नहीं। "मुकुल जी ये अनपढ़ विधायक की डांट हमें बैलेंस करती है, वरना UPSC से लौटते ही हम में इतनी फूंक आ जाती है कि हम रावण हो जाएं। ये जब बदतमीजी करते हैं तो हमें एहसास होता है कि हम सब कुछ नहीं हैं, वरना हर जगह हमारी ही चलती।" ये जवाब था केंद्र में तैनात एक सचिव का। "देखिए जनप्रतिनिधि और जन सेवक दोनों का उद्देश्य अगर जनहित हो तो काम करने मैं गजब मजा आता है, जैसा कि अभी मेरे साथ हो रहा है। ये जवाब था एक दूसरे सचिव का।

प्रश्न यहां न फूंक का है ना ही मानमर्दन का। राज्य में तैनात अधिकारियों का मनोबल टटोला जाए तो ग्राफ नीचे होगा। अच्छे-अच्छे अधिकारी ताल नहीं बैठा पाए और कोपभाजन का शिकार हुए। एक युवा अधिकारी, जो मार्गदर्शक मंडल में थे अचानक आलोचना मंडल में आ गए। जिन अधिकारियों को राज्य सरकार ने हर दो महीने में नया विभाग दिखाया, वो आज केंद्र में देश की रक्तवाहिनी के सरताज हैं।

यानी कुछ न कुछ तो गड़बड़ था। सौ टके की एक ही बात यदि जनप्रतिनिधि, जन सेवकों का या जन सेवक, जनता के मनोबल को तोड़ें तो उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से संवारा या लताड़ा जाए।



**विज्ञापन को लेकर गरमाई सियासत:** राकांपा व शिवसेना (यूबीटी) ने किए सियासी प्रहार

# नए विज्ञापन में आए बाल ठाकरे याद, फडणवीस-दिघे की भी तस्वीरें

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीरों वाले विज्ञापन के प्रकाशित होने के एक दिन बाद राज्य के सत्तारूढ़ गठबंधन से जुड़ा एक विज्ञापन बुधवार को मराठी अखबारों में छपा, जिसमें शिवसेना संस्थापक बाला साहेब ठाकरे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की भी तस्वीरें हैं। बुधवार को मराठी दैनिकों में प्रकाशित विज्ञापन में भी एक सर्वेक्षण के हवाले से दावा किया गया है कि महाराष्ट्र में 49.3 प्रतिशत मतदाता भाजपा और शिवसेना को पसंद करते हैं। नए विज्ञापन में शिंदे के राजनीतिक गुरु माने जाने वाले आनंद दिघे के साथ फडणवीस और बाल ठाकरे की तस्वीरें हैं। इसमें राज्य सरकार में शामिल शिवसेना के अनेक मंत्रियों के भी चित्र हैं। इससे पहले मंगलवार को राज्य के कई अखबारों में प्रकाशित एक पन्ने के विज्ञापन में एक सर्वे के हवाले से मुख्यमंत्री पद के लिए शिंदे को फडणवीस की तुलना में अधिक लोगों की पसंद बताया गया था। हालांकि इस विज्ञापन में फडणवीस या बाल ठाकरे की तस्वीर नहीं थी।





### फडणवीस की नाराजगी से आया नया विज्ञापन

शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा कि नया विज्ञापन फडणवीस की नाराजगी का नतीजा है। यह तो साफ हो गया है कि उनके दिमाग में क्या है। लेकिन सब कुछ ठीक नहीं है। सरकार ताश के पत्तों की तरह ढह जाएगी। शिंदे और भाजपा के बीच छद्म युद्ध चल रहा है।

### सुप्रिया सुले ने जताई हैरानी

राकांपा की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद सुप्रिया सुले ने हैरानी जताते हुए कहा कि सर्वे किसने किया और नमूने का आकार कितना था। उन्होंने पुणे में संवाददाताओं से कहा, मैं उन शुभचिंतकों को खोज रही हूं जिन्होंने अखबारों में करोड़ों रुपए के विज्ञापन दिए। मुझे लगता है कि आज का डिजाइन दिल्ली से आया था और इस संभावना को नकारा नहीं जा सकता। राकांपा प्रवक्ता महेश तापसे ने नए विज्ञापन को एक दिन पहले के विज्ञापन का संशोधित संस्करण करार दिया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजित पवार ने कहा कि भाजपा और शिंदे नीत शिवसेना को जनता के समर्थन का इतना ही भरोसा है तो उन्हें तत्काल चुनाव कराने चाहिए। बुधवार के विज्ञापन में जितने मंत्रियों की तस्वीरें छपी हैं, उनमें ज्यादातर विवादास्पद हैं।

### मोदी-शाह के डर से नहीं लगाई गई बाल ठाकरे की तस्वीर

**मुंबई।** महाराष्ट्र में गठबंधन सरकार की लोकप्रियता संबंधी एक विज्ञापन में बाल ठाकरे की तस्वीर नहीं होने पर शिवसेना (यूबीटी) ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना को दिल्ली का गुलाम करार दिया। शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में दावा किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के डर के कारण विज्ञापन में शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की तस्वीर नहीं थी। संपादकीय में यह भी सवाल किया गया कि जो बालासाहेब के नहीं हुए, वे मोदी का क्या होंगे?

### तेलंगाना में गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा स्थगित



**हैदराबाद।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के तेलंगाना दौरे को पश्चिमी तट पर गंभीर चक्रवाती परिस्थितियों के मद्देनजर स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी प्रदेश भाजपा इकाई ने बुधवार को दी। भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष बंडी संजय कुमार ने कहा कि 15 जून को खम्मम में शाह की प्रस्तावित जनसभा स्थगित कर दी गई है। शाह का बुधरात रात यहां पहुंचने का कार्यक्रम था। वह गुरुवार को हैदराबाद से करीब 200 किलोमीटर दूर खम्मम में एक जनसभा को संबोधित करने वाले थे।

### सीएम केजरीवाल को मिला भाकपा का साथ



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अधिकारियों के तबादले और पदस्थापना से जुड़े केंद्र के अध्यादेश के मुद्दे पर बुधवार को भाकपा के महासचिव डी. राजा से मुलाकात कर उनका समर्थन मांगा। इस मौके पर केजरीवाल ने कहा कि 23 जून को पटना में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में जिन प्रमुख मुददों पर चर्चा होगी उनमें अध्यादेश का यह विषय भी शामिल होगा। राजा ने अध्यादेश के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के प्रति अपना समर्थन जताया और कहा, यह मामला सिर्फ दिल्ली से जुड़ा नहीं है, ऐसा किसी भी अन्य राज्य सरकार के साथ हो सकता है। केजरीवाल ने कहा, दिल्ली के लोगों ने भाजपा को पराजित किया। भाजपा चुनाव जीत नहीं सकती, इसलिए सरकार को पिछले दरवाजे से चलाना चाहती है।

**तमिलनाडु ईडी की कार्रवाई:** द्रमुक ने भाजपा पर साधा निशाना

# मंत्री बालाजी गिरफ्तार, 28 तक न्यायिक हिरासत में

एजेंसी | चेन्नई

प्रवर्तन निदेशालय ने तमिलनाडु के बिजली और आबकारी मंत्री वी. सेंथिल बालाजी को बुधवार को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया। बालाजी मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन नीत सरकार में केंद्रीय एजेंसी की इस तरह की कार्रवाई का सामना करने वाले पहले मंत्री हैं।

सूत्रों ने बताया कि काफी देर तक पूछताछ करने के बाद बालाजी (47) को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले असहज महसूस करने के बाद बालाजी को बुधवार सुबह शहर के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उन्हें जल्द से जल्द बाईपास सर्जरी कराने की सलाह दी है। चेन्नई की एक स्थानीय अदालत ने बालाजी को 28 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बालाजी के ठिकानों पर मंगलवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापे मारे थे और उसके बाद एजेंसी ने धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत मंगलवार देर रात करीब 1.30 बजे उन्हें गिरफ्तार कर लिया।



### एसपीए की जनसभा कल

इस बीच, द्रमुक नीत सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस (एसपीए) के घटक दलों ने ईडी की कार्रवाई के लिए केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर जमकर निशाना साधा और इस मुद्दे पर विरोध जताने के लिए शुक्रवार को कोयम्बटूर में एक विशाल जनसभा करने की घोषणा की। एसपीए ने एक संयुक्त वक्तव्य जारी कर भाजपा नीत राजग को 'जन-विरोधी' कहा। उसने कहा कि राजग ने पिछले नौ साल में लोगों के लिए कुछ नहीं किया। इस बीच छापों को लेकर अन्नाद्रमुक नेता पलानीस्वामी ने स्टालिन पर निशाना साधा। अन्नाद्रमुक महासचिव ने याद दिलाया कि जब उनकी पार्टी की सरकार के समय 2016 में सचिवालय में आयकर छापे पड़े थे तो स्टालिन ने इसे अपमानजनक बताया था। उन्होंने कहा, सचिवालय में एक मंत्री के चैंबर में ईडी के छापे पड़ रहे हैं। यह तमिलनाडु के लिए अपमानजनक है। उन्होंने नैतिक आधार पर बालाजी के इस्तीफे की मांग की।

### बालाजी को प्रताड़ित करने के संकेत: बाबू

राज्य के मंत्री पी. के. शेखर बाबू ने दावा किया कि ऐसे संकेत मिले हैं कि बालाजी को प्रताड़ित किया गया है। बाबू ने पत्रकारों से कहा, बालाजी आईसीयू में हैं। और जब उनका नाम लेकर पुकारा गया, तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

### कानूनी रूप से सामना करेंगे: स्टालिन

मुख्यमंत्री स्टालिन ने बुधवार को ओमंदुरार एस्टेट में हॉस्पिटल में बालाजी से मुलाकात की। स्टालिन ने भाजपा पर बुधवार को निशाना साधा और कहा कि उनके मंत्री व उनकी पार्टी इस मामले का सामना कानूनी रूप से करने को तैयार हैं। स्टालिन ने पूछताछ के नाम पर ईडी अधिकारियों पर नाटक करने और बालाजी को शारीरिक तथा मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया। दूसरी ओर अन्नाद्रमुक अध्यक्ष के. पलानीस्वामी ने नैतिक आधार पर बालाजी का इस्तीफा मांगा। भाजपा की राज्य इकाई ने द्रमुक के बदले की कार्रवाई के आरोपों को यह कहते हुए खारिज किया कि ईडी का कदम नौकरियों के लिए नकदी घोटाले में चल रही जांच का हिस्सा था।

### दो MLA व MP के ठिकानों पर छापे

**हैदराबाद।** आयकर विभाग के अधिकारियों ने भारत राष्ट्र समिति के विधायकों-पी. शेखर रेड्डी और एम. जनार्दन रेड्डी तथा सांसद के. प्रभाकर रेड्डी के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से जुड़े परिसरों पर बुधवार को छापे मारे।

**उत्तराखंड:** कुछ शहरों में तनाव

# पुरोला में महापंचायत से पहले निषेधाज्ञा

एजेंसी | उत्तरकाशी

हिंदू संगठनों की ओर से गुरुवार को बुलाई गई महापंचायत के मद्देनजर उत्तराखंड के पुरोला शहर में बुधवार से निषेधाज्ञा लागू की गई है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और देवभूमि रक्षा अभियान जैसे संगठनों ने लव जिहाद के खिलाफ महापंचायत बुलाई है।

26 मई को दो लोगों द्वारा एक हिंदू लड़की के कथित अपहरण की कोशिश के बाद से उत्तरकाशी जिले के पुरोला और कुछ अन्य शहरों में सांप्रदायिक तनाव है। हालांकि लड़की को छुड़ा लिया गया और आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था लेकिन इसके बाद से स्थानीय व्यापार निकायों और दक्षिण पंथी हिंदू संगठनों ने पुरोला, बरकोट, चिन्यालीसौड़ और भटवाड़ी सहित आस पास के शहरों में लव जिहाद के खिलाफ अभियान चलाया है। उप डिवीजनल मजिस्ट्रेट देवानंद शर्मा ने कहा कि 19 जून तक धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। कुछ लोग शांति भंग करने की कोशिश कर सकते हैं इसलिए धारा 144 लागू की गई है।



### SC का महापंचायत संबंधी यचिका पर सुनवाई से इनकार

**उत्तरकाशी/ नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तराखंड में हिंदू संगठनों की ओर से बुलाई गई महापंचायत को रोकने और एक विशेष समुदाय के सदस्यों को कथित रूप से निशाना बनाते हुए नफरती भाषण देने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई करने से बुधवार को इनकार कर दिया। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश विक्रम नाथ और न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाशकालीन पीठ ने अधिवक्ता शारुख आलम से कानून में उपलब्ध विकल्पों को चुनने और उच्च न्यायालय अथवा किसी अन्य प्राधिकरण के पास जाने को कहा। पीठ ने कहा,हम कानूनी प्रक्रियाओं के विपरीत नहीं जाना चाहते।

**बंगाल पंचायत चुनाव**

# नामांकन को लेकर विभिन्न इलाकों में हिंसा, पुलिस ने लोगों को खदेड़ा

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल में आठ जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव के सिलसिले में नामांकन दाखिल करने को लेकर विभिन्न जगहों पर हिंसा हुई और तृणमूल कांग्रेस एवं विपक्षी दलों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया। दक्षिण 24 परगना और बांकुड़ा जिलों में नामांकन दाखिल करने को लेकर लगातार पांचवें दिन भी हिंसा जारी रही। इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) और तृणमूल के समर्थक कोलकाता से करीब 30 किलोमीटर दूर दक्षिण 24 परगना के भांगर इलाके में आपस में भिड़ गए। स्थिति पर काबू के लिए भारी पुलिस बल वहां भेजा गया, जिसने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। दोनों दलों के समर्थकों ने एक-दूसरे को नामांकन दाखिल करने से रोकने की कोशिश की।



### ममता बनर्जी से नहीं मिल सके ISF विधायक सिद्दीकी

इस बीच, विपक्षी दल इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के विधायक नौशाद सिद्दीकी उनके निर्वाचन क्षेत्र के जमीनी हालात के बारे में सूचित करने के लिए बुधवार को यहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मिलने पहुंचे। लेकिन दक्षिण 24 परगना जिले की भांगर से विधायक सिद्दीकी, बनर्जी की व्यस्तता के चलते उनसे मुलाकात नहीं कर सके।

### मोदी 27 को भाजपा कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित

एजेंसी | भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जून को भोपाल से देश के 10 लाख बूथों पर भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं को डिजिटल तरीके संबोधित करेंगे। भाजपा की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि विभिन्न राज्यों से पार्टी के 2,500 नेता इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री 27 जून को भोपाल पहुंचेंगे और वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। वीडी शर्मा ने दावा किया कि मध्य प्रदेश के 64,100 बूथों के 38 लाख कार्यकर्ता भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### कांग्रेस: बूथ एजेंटों के लिए गाइड




*भोपाल। विधानसभा के लिए इस साल होने वाले चुनावों की तैयारी के तहत कांग्रेस के बूथ स्तरीय एजेंटों के लिए बुधवार को भोपाल में पार्टी मुख्यालय में गाइड जारी करते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ।*

**विपक्षी दलों की बैठक: पीएम फेस पर नहीं होगी चर्चा**

# नीतीश को आशंका: तय समय से पहले हो सकते हैं लोकसभा चुनाव

एजेंसी | नई दिल्ली/ पटना

विपक्षी एकता के लिए पटना में प्रस्तावित बैठक के पूर्व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आशंका जताई है कि लोकसभा का चुनाव समय से पहले भी हो सकते हैं। नीतीश ने एक कार्यक्रम में कहा कि यह कोई जरूरी नहीं है कि चुनाव अगले साल हो। इसलिए जो भी काम बचा हुआ है, उसे जल्द से जल्द पूरा करा दें। सीएम नीतीश कुमार ने 6680.67 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए यह निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके अलावा उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि जो पुराने काम बचे हुए हैं, उन्हें अधिकारी जल्द से जल्द पूरा करें। नीतीश ने उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और अन्य लोगों की उपस्थिति में यह टिप्पणी की।



दूसरी ओर राजद सूत्रों का कहना है कि विपक्षी दलों की 23 जून को होने वाली बैठक में अगले लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर चर्चा नहीं होगी, बल्कि पूरी कोशिश इस बात की होगी कि 2024 के लिए साझा एजेंडा तय किया जाए। बिहार की दो प्रमुख पार्टियां जनता दल (यू) और राष्ट्रीय जनता दल इस बैठक का आयोजन कर रही हैं। राजद सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के संदर्भ में कोई चर्चा नहीं होने वाली है। पार्टी के एक नेता ने कहा, यह बैठक पहला कदम है। एक साझा एजेंडा तय किया जाएगा।

### लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी एकता से कोई लाभ नहीं: गुलाम नबी आजाद

**श्रीनगर।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने बुधवार को कहा कि उन्हें 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले विपक्षी एकता से कोई लाभ होता नहीं दिख रहा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बुलाई गई विपक्षी दलों की बैठक के बारे में पूछे जाने पर आजाद ने कहा कि उन्हें इसमें आमंत्रित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, विपक्षी एकता का लाभ तभी मिलेगा जब दोनों पक्षों के लिए कुछ होगा। दोनों के लिए लाभ के हिस्से में अंतर हो सकता है - यह 50-50 या 60-40 हो सकता है, लेकिन इस मामले में, दोनों पक्षों के पास दूसरे को देने के लिए कुछ भी नहीं है। आजाद ने पश्चिम बंगाल का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस और माकपा का राज्य में कोई विधायक नहीं है और सोचने वाली बात है कि अगर दोनों पार्टियां ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के साथ गठबंधन करती हैं, तो इसमें टीएमसी को क्या फायदा होगा। उन्होंने कहा, बनर्जी गठबंधन क्यों करेंगी? इससे उन्हें क्या फायदा होगा?

### मेरा कांग्रेस छोड़ने का कोई इरादा नहीं: सिंहदेव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने बुधवार को कहा कि यह सच है कि कई दलों ने उनसे संपर्क किया है, लेकिन उनका कांग्रेस पार्टी छोड़ने का कोई इरादा नहीं है। सिंहदेव से संवाददाताओं ने जब उनसे पूछा कि क्या भाजपा ने 'ऑपरेशन लोटस' के तहत उन्हें अपनी पार्टी में शामिल करने के लिए उनसे संपर्क किया था, उन्होंने कहा, यह ऑपरेशन लोटस के बारे में नहीं है। जब भी किसी को कोई गुंजाइश दिखती है तब वह राजनीतिक दल पहल करता है। मैं कांग्रेस छोड़कर किसी अन्य पार्टी में नहीं जाऊंगा। पार्टी मुझे जो भी जिम्मेदारी देगी, मैं वह काम करूंगा।

### कई पार्टियों ने किया संपर्क



सिंहदेव ने कहा कि यह सच है कि कई पार्टियों ने उनसे संपर्क किया था, वह इसे स्पष्ट करना चाहते हैं। अंबिकापुर में पार्टी के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन के बाद मंगलवार को संवाददाताओं से बात करते हुए सिंहदेव ने कहा था कि उन्होंने पार्टी के सामने अपना पक्ष रख दिया है। कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद रहे सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया कि बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव ने कहा था कि अपनी पार्टी में शामिल करने के लिए भाजपा और अन्य दलों के नेता उनसे संपर्क कर रहे हैं। गुप्ता ने बताया, सम्मेलन में सिंहदेव ने कहा था कि मैं भाजपा में शामिल होने के बजाए घर में बैठना पसंद करूंगा।

## जरूरी खबर

### पांच नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत 26 से



**नई दिल्ली।** रेलवे 26 जून से पांच और मार्ग पर पर वंदे भारत ट्रेन का परिचालन शुरू करेगा। ओडिशा में दो जून को तीन ट्रेनों के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद यह पहली शुरुआत है। रेलवे सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सेमी हाई-स्पीड ट्रेन की शुरुआत किए जाने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि जिन पांच मार्ग पर वंदे भारत ट्रेन का परिचालन शुरू किया जायेगा, उनमें मुंबई-गोवा, बेंगलुरु-हुबली, पटना-रांची, भोपाल-इंदौर और भोपाल-जबलपुर शामिल हैं। रेल मंत्रालय ने ओडिशा त्रासदी के बाद मुंबई-गोवा वंदे भारत ट्रेन को शुरू किया था। यह पहला मौका है जब पांच वंदे भारत ट्रेन का परिचालन एक ही दिन शुरू होगा।

### कोलकाता हवाई अड्डे पर लगी आग कोई हताहत नहीं



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कोलकाता हवाई अड्डे के अंदर एक सुरक्षा काउंटर के पास बुधवार रात आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग बुझाने के लिए दमकल की कम से कम दो गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### दो घंटे तक बाधित रहा रोहतक-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग

**चंडीगढ़।** हरियाणा के झज्जर जिले में कुछ खाप सदस्यों और किसानों ने प्रदर्शनकारी पहलवानों, किसानों और अन्य मुद्दों के समर्थन में किए गए 'हरियाणा बंद' के आह्वान के तहत बुधवार को रोहतक-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग को बाधित किया। भूमि बचाओ संघर्ष समिति के वरिष्ठ नेता रमेश दलाल की अगुवाई में प्रदर्शनकारी किसान और खाप सदस्य राजमार्ग-9 पर जुटे और यातायात को बाधित किया। इस दौरान सड़क पर बड़ी संख्या में वाहन फंसे हुए दिखाई दिए। प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया गया कि उनकी मांगों को संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा, जिसके दो घंटे बाद नाकाबंदी हटा ली गई। प्रदर्शनकारियों ने कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर भी बैठने की कोशिश की।





## समुद्र में ऊफान... लहरों का तांडव और सुरक्षा की तलाश

**मांडवी।** शक्तिशाली चक्रवात 'बिपरजॉय' तेजी से गुजरात तट की ओर बढ़ रहा है। समुद्र में प्रबल लहरें उठ रही हैं और वे गुजरात से लेकर मुंबई तट तक पहुंच रही हैं। चित्र एक में मुंबई के तटवर्ती इलाके मे स्थित दुकानों तक पहुंची समुद्र की लहरें। दूसरी ओर गुजरात के तटवर्ती इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थल की ओर पहुंचाया जा रहा है। कच्छ जिले के गुनऊ गांव में सीमा सुरक्षा बल की एक चौकी पर आश्रय लिए हुए बच्चे।

## मणिपुर में फिर हिंसा

# उपद्रवियों के हमले में 9 की मौत, 10 घायल

एजेंसी | इंफाल

हिंसा प्रभावित मणिपुर में खामेनलोक इलाके के एक गांव में संदिग्ध उपद्रवियों के हमले में नौ लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि अत्याधुनिक हथियारों से लैस उपद्रवियों ने रात करीब एक बजे इंफाल पूर्वी जिले और कांगपोकी जिले की सीमा से लगे खामेनलोक इलाके के कुकी गांव को घेर लिया और हमला कर दिया। इसके चलते हुई मुठभेड़ में दोनों पक्षों के लोग हताहत व घायल हुए हैं। तीन व्यक्ति लापता भी बताए जा रहे हैं। यह क्षेत्र मेइती-बहुल इंफाल ईस्ट जिला और आदिवासी बहुल कांगपोकपी जिले की सीमाओं से लगा हुआ है।



### मंत्री के आवास को लगाई आग

पश्चिम इंफाल जिले के लाम्फेल इलाके में मणिपुर की महिला मंत्री नेमचा किपगेन के आधिकारिक आवास में बुधवार रात अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। हालांकि घटना के वक्त आवास के अंदर कोई नहीं था। दमकलकर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

### कर्फ्यू में ढील की अवधि घटाई

इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट में जिला प्रशासन ने कर्फ्यू में ढील की दिए जाने की अवधि को घटाते हुए सुबह 5 बजे से शाम छह बजे की बजाय सुबह 5 से सुबह नौ बजे तक कर दिया है। हिंसा प्रभावित मणिपुर के 16 जिलों में से 11 में अब भी कर्फ्यू लगा हुआ है, जबकि पूरे राज्य में इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं।

### क्या है विवाद

मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के आयोजन के बाद पहली झड़प तीन मई को हुई थी। मणिपुर की 53 प्रतिशत आबादी मेइती समुदाय से है, जो मुख्य रूप से इंफाल घाटी में बसी हुई है। आदिवासियों- नगा और कुकी की आबादी 40 प्रतिशत है और ये पर्वतीय जिलों में रहते हैं।

### नितिन अग्रवाल ने बीएसएफ डीजी का कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली।** केरल कैडर के 1989 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी नितिन अग्रवाल ने बुधवार को सीमा सुरक्षा बल के नये महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाल लिया। पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ लगती भारत की सीमाओं की रक्षा का जिम्मा बीएसएफ पर है।

बीएसएफ के कार्यवाहक महानिदेशक एस एल थाउसेन ने लोधी रोड पर सीजीओ परिसर स्थित सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय में अग्रवाल को बल की औपचारिक बैटन सौंपी। अग्रवाल इससे पहले अपने कैडर राज्य केरल के अलावा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस और सशस्त्र सीमा बल जैसे विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में काम कर चुके हैं। अभी वह सीआरपीएफ के अतिरिक्त महानिदेशक (संचालन) के रूप में कार्यरत थे।

## बृजभूषण के खिलाफ आरोप पत्र आज

# पांच देशों से मांगी गई जानकारी का इंतजार

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान प्रमुख बृजभूषण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोप में दर्ज मामले में दिल्ली पुलिस गुरुवार को आरोप पत्र दाखिल कर सकती है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, चूंकि मंत्री ने पहलवानों को आश्वासन दिया है कि मामले में 15 जून तक आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा, हम इसका पालन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि जांच के क्रम में दिल्ली पुलिस ने पांच अन्य देशों के कुश्ती संघ/महासंघों को पत्र लिखकर सिंह द्वारा यौन उत्पीड़न की कथित घटनाओं के संबंध में जानकारी मांगी है, लेकिन उनके जवाब का इंतजार है। अधिकारियों ने बताया कि जवाब मिलने के बाद पूरक आरोपपत्र दाखिल किए जाएगा।



### मांगे थे टूर्नामेंट के फोटो व वीडियो

उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट के फोटो और वीडियो, मैच के दौरान पहलवान जहां रूकीं थीं उन जगहों की सीसीटीवी फुटेज आदि उपलब्ध कराने का अनुरोध करते हुए नोटिस जारी किया गया है। विशेष जांच दल ने 180 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की है। पुलिस की टीम उत्तर प्रदेश के गोंडा स्थित भाजपा सांसद बृजभूषण के आवास पर भी गई थी जहां उसने सांसद के रिश्तेदारों, सहकर्मियों, घरेलू कर्मचारियों और उनके सहयोगियों का बयान दर्ज किया।

## गलवान संघर्ष के बाद बदली तस्वीर

# LAC पर सैन्य क्षमताओं में इजाफा

एजेंसी | नई दिल्ली



फाइल फोटो

भारत ने गलवान घाटी में 2020 में हुए संघर्ष के बाद से चीन के साथ करीब 3500 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य ढांचे, निगरानी और लड़ाकू क्षमताओं में काफी इजाफा किया है। इस घटना के तीन साल पूरे होने के मौके पर सेना के सूत्रों ने बुधवार को यह बात कही।

भारत और चीन की सेनाएं सीमा पर तनाव कम करने के लिए बातचीत कर रही हैं। दोनों पक्षों के बीच टकराव वाले कुछ बिंदुओं पर गतिरोध की स्थिति है, वहीं कुछ बिंदुओं से सैनिकों की वापसी हो गई है।

गलवान घाटी में 15 जून, 2020 को दोनों सेनाओं के बीच हुआ संघर्ष पिछले पांच दशक में एलएसी पर इस तरह का पहला संघर्ष था और इससे द्विपक्षीय संबंधों में तनाव आ गया। सूत्रों ने कहा कि भारत ने पिछले तीन साल में एलएसी पर चीन के साथ ढांचागत अंतराल को काफी कम किया है और उसका सतत ध्यान हैलीपड, एयरफील्ड, पुल, सुरंग, सैनिकों के ठिकाने और अन्य जरूरी सुविधाओं के निर्माण पर है।

### तमिलनाडु ने सीबीआई को दी सहमति ली वापस

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने राज्य में जांच करने के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को दी गई सहमति बुधवार को वापस ले ली। इसके साथ ही, यह दक्षिणी राज्य भी गैर-भाजपा शासित राज्यों की उस सूची में शामिल हो गया, जो पूर्व में ऐसा कर चुके हैं। राज्य के विद्युत और मद्यनिषेध एवं आबकारी मंत्री वी सेंथिल बालाजी को धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किये जाने के दिन यह कदम उठाया गया है। गृह विभाग ने एक विज्ञप्ति में यह बात कही है।

## तूफां से दूर... ग्लेशियर व बर्फ गाड़ी की मौज



**गंदेरबल।** देश के कुछ हिस्सों में समुद्री तूफान से जहां लोग दहशतजदा हैं, वहीं पर्यटक जम्मू कश्मीर के पर्यटन स्थलों पर भ्रमण में व्यस्त हैं। प्रदेश के गंदेरबल जिले में सोनमर्ग स्थित थाजीवास ग्लेशियर पर बर्फ पर चलने वाली गाड़ियों का आनंद लेते हुए पर्यटक। -पीटीआई

## यूजीसी की घोषणा

# 100 से अधिक विश्वविद्यालयों में नए सत्र से चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम

एजेंसी | नई दिल्ली

देश के 19 केंद्रीय विश्वविद्यालयों सहित 100 से अधिक विश्वविद्यालय आगामी शैक्षणिक सत्र से चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहे हैं। यूजीसी के अनुसार जिन केंद्रीय विश्वविद्यालयों ने चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम को चुना है, उनमें दिल्ली विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, विश्व भारती विश्वविद्यालय, असम विश्वविद्यालय, तेजपुर विश्वविद्यालय, जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय, सिक्किम विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय शामिल हैं। इस सूची में श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, राजीव गांधी विश्वविद्यालय तथा हरियाणा, दक्षिण बिहार और तमिलनाडु स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय शामिल हैं। इसके अलावा, 40 डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय, 18 निजी विश्वविद्यालय तथा 22 राज्य विश्वविद्यालयों ने चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम को चुना है।



### क्रेडिट प्रणाली की गई है तैयार: जगदीश कुमार

यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने कहा कि वर्तमान सीबीसीएस व्यवस्था के तहत हालांकि छात्रों को विभिन्न विषयों में से अपनी पसंद का चयन करने की सुविधा मिलती है लेकिन इसमें बहु या अंतर विषयक संयोजन का अभाव दिखता है। ऐसे में सीबीसीएस में संशोधन करने के प्रयासों के तहत आयोग ने चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के तहत पाठ्यक्रम का ढांचा और क्रेडिट प्रणाली विकसित की है जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अहम सिफारिशों को ध्यान में रखा गया है।

### इन विवि में शुरू होगा पाठ्यक्रम

- 19 केंद्रीय विश्वविद्यालय
- 22 राज्य विश्वविद्यालयों
- 40 डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय
- 18 निजी विश्वविद्यालय

### मल्टीपल एंट्री व एग्जिट का होगा विकल्प

चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम (एफवाईयूपी) में छात्रों के पास मल्टीपल एंट्री और एग्जिट का विकल्प भी होगा। अगर वे किसी कारणवश तीन साल से पहले कॉलेज छोड़ देते हैं और अपनी डिग्री पूरी नहीं कर पाते हैं तो उन्हें फिर से अपनी पढ़ाई पूरी करने एवं अपनी डिग्री पूरा करने की इजाजत देने की व्यवस्था है। यूजीसी ने विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली (सीबीसीएस) को भी शामिल किया है।

### यह कहा गया है राष्ट्रीय शिक्षा नीति में

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में सिफारिश की गई है कि स्नातक पाठ्यक्रम या तो तीन या चार वर्षो की अवधि का हो जिसमें उपयुक्त प्रमाणपत्र प्रदान करने के साथ बहु प्रवेश एवं निकासी का विकल्प हो। स्नातक डिप्लोमा दो वर्षो के अध्ययन के बाद तथा स्नातक डिग्री तीन वर्ष के कार्यक्रम के बाद देने की व्यवस्था हो।

### भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने के दिशा-निर्देश लागू करें संस्थान: यूजीसी

यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालयों, कॉलेजों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सभी स्तरों पर पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परंपरा को जोड़ने के दिशानिर्देशों को अक्षरशः लागू करने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा है। यूजीसी के सचिव मनीष आर जोशी ने 13 जून को सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों और सभी कालेजों के प्राचार्यों को इस संबंध में पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले सभी छात्रों को भारतीय ज्ञान परंपरा में कोर्स करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

## ब्यूटी पेजेन्ट मिस्टर एंड मिस पिंकसिटी सीजन 7 का ऑडिशन राउंड

# ब्लैक ड्रेस कॉम्बिनेशन में मॉडल्स ने किया अपना लुक एक्सपोज



फोटो: पंकज शर्मा



**बेधड़क | जयपुर**

मिस्टर वर्मा इवेंट्स एंड एंटरटेनमेंट की ओर से आयोजित किए जा रहे मिस व मिस्टर केटेगरी के स्टेट लेवल ब्यूटी पेजेंट 'मिस्टर एंड मिस पिंकसिटी सीजन 7' के जयपुर ऑडिशन के फर्स्ट राउंड का आयोजन न्यू आतिश मार्केट स्थित स्टारलाइट क्लब में किया गया। इसमें 100 से अधिक मॉडल्स ने पार्टिसिपेट कर अपने टैलेंट को सबके सामने प्रेजेंट किया। अपने आर्ट, स्किल्स व लुक्स से जजेज को लुभाने की कोशिश की और वॉक कर अपने सेलेक्शन की दावेदारी पेश की।

आयोजक गौरव वर्मा ने बताया कि यह इस पेजेन्ट के जयपुर ऑडिशन का दूसरा राउंड है। इसके बाद तीन ऑडिशन राउंड्स का आयोजन भी जयपुर में किया जाएगा। जो लोग इस ऑडिशन में हिस्सा नहीं ले पाए हैं वह आगे होने वाले इन ऑडिशन राउंड में से किसी में भी पार्टिसिपेट कर अपने आपको प्रूव कर सकते हैं। आज के इस ऑडिशन में सभी ने रैंप वॉक, इंटरव्यू राउंड, क्वेश्चन आंसर राउंड व एप्टीट्यूड सेशन में अपना बेस्ट परफॉरमेंस दिया है।

### 300 से अधिक एंट्रीज मिलीं

पार्टिसिपेंट्स से जूरी द्वारा उनके फ्यूचर, कैरियर प्लान, रोल मॉडल, इंस्पिरेशन इत्यादि के बारे में सवाल किए गए। इसके जवाब में मॉडल्स ने अपने टैलेंट, स्किल्स व आर्ट से जूरी को इम्प्रेस करने की कोशिश की। इस ऑडिशन के लिए शहर व आस पास की जगहों से 300 से अधिक एंट्रीज प्राप्त हुई हैं, जिसमें से जूरी मेंबर्स द्वारा चुने गए बेस्ट कैंडिडेट्स को आगे होने वाले ऑडिशन राउंड्स के लिए सेलेक्ट किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि इस पेजेंट के फिनाले से पहले पार्टिसिपेंट्स के लिए फैशन पोर्टफोलियो, लुक लॉन्च, टैलेंट राउंड, योगा सेशन जैसी कई सारी मल्टी एक्टिविटीज का आयोजन किया जाएगा। इस ब्यूटी पेजेंट का ग्रैंड फिनाले सितंबर में गुलाबी नगरी जयपुर में ही आयोजित किया जाएगा।

### जूरी पैनल में ये रहे शामलि

इस ऑडिशन के जूरी पैनल में मिस्टर पिंकसिटी 2022 अंश शर्मा, मिस पिंकसिटी 2022 रोशनी सैनी, मिस पिंकसिटी 2021 रिचा शर्मा, मिस पिंकसिटी 2020 सृष्टि खत्री, मिस्टर पिंकसिटी 2022 सेकेंड रनरअप करन परनामी, मिस मोस्ट टैलेंटेड 2022 नीरजा रावल, मिस मोस्ट डिजायरेबल 2020 श्रेया चलाना, मिस्टर फोटोजेनिक 2022 ओमेश लखारा, अजय शेखावत और हिमांशु शर्मा उपस्थित रहे। गेस्ट के तौर पर स्टारलाइट क्लब के ऑनर नितेश आसवानी मौजूद रहे।

## कृष्ण-सुदामा प्रसंग में हुए भावुक



**बेधड़क. जयपुर।** चतुर्भुज मंदिर धाबाई जी का खुर्रा में हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज की ओर से करवाई जा रही भागवत कथा में प्रभुदास महाराज मथुरा द्वारा कृष्ण लीलाओं और सुदामा की कथा का वाचन किया गया। उसमें बताया गया कि सुदामा भटकते-भटकते कैसे राजमहल पहुंचे और द्वारिकाधीश से कैसे मिले। द्वारिकाधीश कैसे अपनी कुर्सी छोड़कर सुदामा को लेने नंगे पांव दौड़े। कथा में पीसीसी सदस्य रोहित जोशी सहित काफी संख्या में महिला व पुरुषों ने कथा श्रवण किया।

## बाल लेखकों से आवेदन मांगे

**बेधड़क. जयपुर।** पं. जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी बाल साहित्य लेखन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्यरत है। बच्चों से जुडी रचनाएं लिखने वाले लेखकों के प्रोत्साहन के लिए भी अकादमी प्रयासरत है। इस दिशा में बड़ा कदम बढ़ाते हुए अकादमी अध्यक्ष इकराम राजस्थानी ने सत्र 2023-24 हेतु 'बाल साहित्य मनीषी' पुरस्कार के प्रस्ताव आमंत्रित करने की स्वीकृति प्रदान की है। इकराम राजस्थानी ने बताया कि विगत तीन से चार दशकों से बाल साहित्य लेखन से जुड़े पांच मनीषियों को यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। आवेदक 5 जुलाई 2023 तक अकादमी को अपनी प्रविष्टि भेज सकते हैं। राजस्थान के मूल निवासी लेखकों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

## 100 यूनिट ब्लड किया डोनेट



**बेधड़क. जयपुर।** भारतीय डाक विभाग जयपुर नगर मंडल द्वारा जयपुर जीपीओ प्रांगण में स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक तथा भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल ब्लड बैंक के सहयोग से विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामचरण बोहरा, सांसद जयपुर शहर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सांसद जयपुर ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारतीय डाक विभाग के कर्मचारियों तथा अधिकारियों द्वारा बढ़-चढ़ कर रक्तदान किया गया। स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के अनुसार 100 ब्लड यूनिट से ऊपर एकत्रित किया गया। इस अवसर को ऐतिहासिक बनाने के लिए भारतीय डाक विभाग द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस विषय पर एक विशेष विरूपण (स्पेशल कैंसिलेशन) का विमोचन किया गया। सांसद ने पोस्टकार्ड लेखन कैंपेन भी शुरू किया।

# City इवेंट्स

## प्रेस क्लब में चिकित्सा शिविर



**बेधड़क. जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब के सदस्यों और उनके परिजनों के लिए बुधवार को दंत एवं होम्योपैथी चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में 196 सदस्यों एवं परिजनों ने भाग लिया। क्लब अध्यक्ष राधारमण शर्मा एवं महासचिव रामेन्द्र सोलंकी ने बताया कि शिविर का आयोजन उपाध्यक्ष राहुल भारद्वाज के संयोजन में किया गया। उन्होंने बताया कि 5 जून से जारी बाल अभिरुचि शिविर में भाग ले रहे बच्चों ने भी दंत चिकित्सा शिविर में अपना चैकअप करवाया। बच्चों को निशुल्क टूथ पेस्ट वितरित कर दंत स्वास्थ्य के टिप्स दिए। शिविर में हेल्दी स्माइल्स ग्रुप के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ दन्त चिकित्सक डॉ. समीर शर्मा, डॉ. सुनील मंगल एवं होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. आरुषी शर्मा ने अपनी सेवाएं दी। जांच शिविर में निःशुल्क उपचार एवं परामर्श दिया।

## प्रो. सक्सेना प्रदेश प्रभारी नियुक्त



**बेधड़क. जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान ने प्रो. (डॉ.) राजीव सक्सेना को प्रदेश मीडिया प्रभारी व समन्वयक पद पर नियुक्त किया है। डॉ. सक्सेना को नियुक्ति पत्र ट्रस्ट अध्यक्ष से.नि. आरएएस एनएल वर्मा ने दिया। इस अवसर पर निदेशक से.नि. मुख्य लेखाधिकारी सीएल आलोरिया, महासचिव दुर्गा वर्मा, सुखराज वर्मा, कौशल सत्यार्थी, मनीष आदि मौजूद रहे।

## इंटरनेशनल डिजाइन कॉन्क्लेव 16 से



**बेधड़क. जयपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया इंटीरियर डिजाइनर्स (ट्रिपल आईआईडी) जयपुर चैप्टर द्वारा इंडिया इंटरनेशनल डिजाइन कॉन्क्लेव 2023 का आयोजन 16, 17 और 18 जून को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, झालाना इंडस्ट्रियल एरिया में किया जा रहा है। इस 3 दिवसीय कॉन्क्लेव में देशभर से आर्किटेक्चर और इंटीरियर डिजाइन से जुड़े विशेषज्ञ कार्यक्रम में भाग लेंगे। साथ ही इंटीरियर डिजाइन से जुड़े कला के सभी आयामों के क्रिएटिवों की प्रदर्शनी भी होगी। वॉइस ऑफ ड्यून्स के फाउंडर सत्यजीत तालुकदार के अनुसार इस मौके पर वॉइस ऑफ ड्यून्स के नाम से देशभर के 30 से अधिक जाने-माने कलाकारों की कला की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

## मंत्री शकुंतला रावत पहुंचीं टीवी चैनल ऑफिस

# निष्पक्षता से सच बेधड़क बना सरकार व आमजन के बीच सेतु



**बेधड़क | जयपुर**

उद्योग व देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत ने बुधवार को 'सच बेधड़क' टीवी चैनल ऑफिस पहुंच कर चैनल की संपादकीय और टेक्निकल टीम से मुलाकात की। रावत का चैनल ऑफिस पहुंचने पर ग्रुप वाइस प्रेसिडेंट कार्तिक शर्मा ने स्वागत किया।

उद्योग मंत्री ने 'सच बेधड़क' चैनल की निष्पक्षता की प्रशंसा करते हुए कहा कि बेहद कम समय में चैनल ने एक मुकाम बना लिया है। सरकार और आमजनता के बीच 'सच बेधड़क' एक सेतु का काम कर रहा है। मंत्री रावत ने चैनल के संपादकीय टीम से चर्चा की और टीवी में प्रसारण की बारीकियों को समझा। उन्होंने कहा कि 'सच बेधड़क' अखबार मेरे घर आता है, इसका नाम बहुत ही अच्छा है, इसे सुनते ही लगता है कि कोई तो है जो सच्ची खबर दिखाता है। सरकार की योजनाओं को भी आपके यहां प्रमुखता से दिखाया जाता है। मैंने आज सच बेधड़क का पूरा सेटअप देखा है जो बहुत ही उच्च तकनीकी से बनाया हुआ है। राजस्थान ही नहीं देशभर की सभी खबरों को समय पर दिखाने के लिए बेधड़क टीम का धन्यवाद। ऐसे ही मुस्कुराते हुए चेहरे सच बेधड़क पर दिखते रहें। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा शहर से लेकर ढाणी तक की ग्राउंड रिपोर्ट दिखाई जा रही है। आम व्यक्ति से जुड़ी खबरें दिखाने के लिए भी सच बेधड़क टीम का धन्यवाद।

## नहर के गणेशजी के झांकी उत्सव और भजन संध्या

# फूल बंगला झांकी में विराजे गजानन, भजनों से रिझाया



**बेधड़क | जयपुर**

ब्रह्मपुरी के माउंट रोड पर स्थित सिद्धिप्रदाता, दाहिनी सूंड और दक्षिणमुखी नहर के गणेश जी मंदिर में बुधवार को फूल बंगला झांकी उत्सव व विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंदिर युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने बताया कि यह उत्सव मंदिर महंत पं. जय शर्मा के सानिध्य में मनाया गया।

इस अवसर पर गणपति को नवीन पोशाक व रजत मुकुट धारण करवाकर ऋतु पुष्पों जैसे मोगरा, नवरंगा, पीला गेंदा, गुलाब, लिलि, चांदनी, हजारा, आसापाला सहित विभिन्न प्रकार के विदेशी पुष्पों से श्रृंगार कर नयनाभिराम झांकी सजाई।

भक्तजनों के लिए शाम 5 बजे से देर रात्रि तक कर किए साथ ही भक्तजनों ने संध्या आरती के पश्चात विशाल भजन संध्या का भी आनंद लिया। भजन संध्या में शास्त्रीय व उपशास्त्रीय गायक-गायिकाएं आकांक्षा रावल, बुंदु खां, गोपाल सिंह राठौड़, मास्टर पिन्टू, सांवरमल कथक, हेमराज, प्रहलाद गुर्जर, आकांक्षा दवे कटारिया, रतनलाल सहित अनेक कलाकारों ने गायन से हाजिरी दी।

इनके साथ वायलीन पर चंद्रप्रकाश, सेक्सोफोन पर अम्बालाल, तबले पर विजय बानेट, सद्दाम हुसैन, परमेश्वर कथक, दिनेश खींची, रितिक व्यास, नवल डांगी ने संगत की। मंच संचालन आरडी अग्रवाल, राजेश आचार्य ने किया।

## गोपालपुरा बाईपास व्यापार मंडल | हनुमान चालीसा और श्री राम स्तुति का आयोजन

# शहर में शांति-सद्भाव के लिए व्यापारियों ने किए पाठ

**बेधड़क | जयपुर**

गोपालपुरा बाईपास व्यापार मंडल की ओर से शहर में सुख, शांति, सद्भाव बना रहे और सभी स्वस्थ रहें इसी कामना के साथ हनुमान चालीसा और श्री राम स्तुति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर महेश जोशी रहे। इस अवसर पर जोशी ने स्वयं भी भजन गाए।

गोपालपुरा बाईपास व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन गोयल ने बताया कि विशिष्ट अतिथि महिला एवं बाल कल्याण बोर्ड की चेयरपर्सन अर्चना शर्मा रहीं।



उन्होंने भजनों पर नृत्य किया।

डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावत, पंकज ओझा, किशोर टाक, बाबू लाल गुप्ता, राज बंसल, दीपक जग्गा, जेडी महेश्वरी, ज्योति खंडेलवाल, सरोज धायल, आरडी गुप्ता, अनिल शर्मा, जग मोहन शर्मा, संजय शर्मा, प्रदीप सैनी, अशोक मित्तल, प्रवीण जैन, और विभिन्न व्यापार मंडलों एवं समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे।



### अतिथियों का सम्मान

व्यापार मंडल के मुख्य संरक्षक प्रमोद गोयल महामंत्री हरीश मल्होत्रा लोकेंद्र गर्ग राजकुमार जैनानी दिनेश गाड़ोदिया पवन जैन सुशील भूत सोहित विजय राजकुमार जैनानी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। बहुत सुंदर हनुमान चालीसा और भजनों की रविंद्र सिंह एवं उनकी टीम ने प्रस्तुति दी।

आप नकारत्मक लोगों को जितना कम जवाब देंगे, आपका जीवन उतना ज्यादा शांतिपूर्ण रहेगा।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड ग्रुप एडिटर, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## 'मायोन' ज्वालामुखी से फूटा लावा



*सैंटो डोमिंगो (फिलीपीन)। फिलीपीन में मायोन ज्वालामुखी से राख और लावा गिरने के भयावह दृश्यों के बीच निकटवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीण ट्रकों में बैठकर अपने-अपने घरों को छोड़ अन्यत्र चले गए। पिछले सप्ताह ज्वालामुखी में हलचल देखने के बाद उत्तर पूर्वी अलबे प्रांत में स्थित मायोन ज्वालामुखी के क्रेटर के छह किलोमीटर के दायरे में रह रहे करीब 15,000 लोगों को इलाका छोड़ना पड़ा, जो मुख्यत: गरीब खेतीहर समुदाय से हैं। अलबे के गवर्नर ने यह दायरा एक किलोमीटर और बढ़ा दिया और क्षेत्र के हजारों निवासियों को किसी भी समय वह जगह छोड़ने के लिए तैयार रहने को कहा, हालांकि कई लोगों ने अनिवार्य निकासी के आदेश से पहले ही विस्तारित खतरे वाले क्षेत्र से चले जाना ही उचित समझा। -पीटीआई*

### घटनास्थल पर तलाशी एवं बचाव अभियान किया शुरू

# यूनान: मछली पकड़ने वाली नौका डूबने से 78 की मौत

**एजेंसी** | एथेंस

दक्षिणी यूनान के एक तट के निकट मछली पकड़ने वाली नौका के डूब जाने से कम से कम 78 प्रवासियों की मौत हो गई। घटना में दर्जनों लोगों के लापता होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल पर तलाशी एवं बचाव अभियान शुरू किया गया है।

अधिकारियों ने कहा कि देश के दक्षिणी पेलोपोनिसे क्षेत्र से लगभग 75 किमी दक्षिण-पश्चिम में रात के समय हुई इस घटना के बाद अब तक 104 लोगों को बचाया गया है। यूनान तटरक्षक बल ने कहा कि समुद्र से 59 लोगों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि अभी इस बात की पुष्टि नहीं की जा सकी कि नौका पर सवार कितने यात्री लापता हैं।

तलाशी एवं बचाव अभियान में तटरक्षक बल के छह पोत, नौसेना का एक जहाज, सेना का एक परिवहन विमान और वायु सेना के एक हेलिकॉप्टर समेत ड्रोन की भी मदद ली जा रही है। घटना में बचाए गए दर्जनों प्रवासियों को एंबुलेंस सेवा द्वारा स्थापित शिविरों में उपचार के लिए ले जाया गया है। माना जा रहा है कि इटली जा रही यह नौका पूर्वी लीबिया के टोब्रुक इलाके से रवाना हुई थी।




## नौका पलटने से 103 ने तोड़ा दम

**अबुजा (नाइजीरिया)।** उत्तरी नाइजीरिया में एक नौका के पलटने से बच्चों सहित कम से कम 103 लोगों की मौत हो गई। ये सभी लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। पुलिस प्रवक्ता ओकासनमी अजयी ने बताया कि नौका क्वारा राज्य के पटेगी जिले में नाइजर नदी में दुर्घटनाग्रस्त हुई। उन्होंने बताया कि 100 लोगों को अभी तक बचाया गया है। स्थानीय प्रमुख अब्दुल गाना लुकपाडा ने कहा कि नौका में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। उसमें करीब 300 लोग सवार थे। नौका पानी के अंदर एक बड़े लट्ठे से टकरा गई और क्षतिग्रस्त हो गई। क्वारा के गवर्नर अब्दुलरहमान अब्दुलराजक के कार्यालय ने बयान जारी कर शोक व्यक्त किया है।


### चुनाव प्रचार पर नहीं पड़ेगा कोई असर

# दोषी होने पर भी राष्ट्रपति का चुनाव लड़ पाएंगे ट्रंप

**एजेंसी** | वाशिंगटन

राष्ट्रपति पद से 2021 में हटने के बाद गोपनीय सरकारी दस्तावेज अवैध रूप से अपने पास रखने को लेकर अभ्यारोपित किए जाने के बावजूद डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस में एक और कार्यकाल के लिए प्रचार अभियान जारी रख सकते हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने फ्लोरिडा के मियामी स्थित संघीय भवन में गोपनीय दस्तावेजों से छेड़छाड़ करने से जुड़े आरोपों में मंगलवार को खुद को निर्दोष बताया। अमेरिका में पहली बार एक पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ संघीय आरोप लगाए गए हैं। यह अभ्यारोपण ट्रंप के खिलाफ दायर दूसरा आपराधिक मामला है। ट्रंप 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवारी की दौड़ में सबसे आगे हैं। अप्रैल की शुरुआत में, ट्रंप ने न्यूयार्क में अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया और रिकार्ड में हेरफेर करने के 34 आरोपों का सामना करने के लिए अदालत में पेश हुए। उन्होंने इन आरोपों में भी खुद के दोषी नहीं होने की बात कही।



### क्या कहता है अमेरिकी संविधान

अमेरिकी संविधान के अनुसार, राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए एक उम्मीदवार को जन्म से अमेरिकी नागरिक होना चाहिए। उसकी आयु कम से कम 35 वर्ष हो और कम से कम 14 वर्षों तक अमेरिका का निवासी हो। हालांकि, कुछ और भी संवैधानिक प्रतिबंध हैं जो एक व्यक्ति को राष्ट्रपति चुनाव लड़ने से रोक सकते हैं, लेकिन वे ट्रंप पर लागू नहीं होते।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

इन तीनों मामलों से यह प्रश्न उत्पन्न हो रहा था कि न्यूयॉर्क या फ्लोरिडा में दोषी ठहराए जाने की स्थिति में, या अब कैरोल मामले में उत्तरदायी ठहराये जाने के बाद भी क्या वह अमेरिकी राष्ट्रपति बन सकते हैं? क्या ट्रंप 2024 में राष्ट्रपति चुनाव लड़ सकेंगे? विशेषज्ञों के मुताबिक, कानूनी दृष्टिकोण से इसका संक्षिप्त जवाब 'हां' है। यदि ट्रंप को दोषी करार दिया जाता है तो कोई भी आरोप उन्हें पद ग्रहण करने से नहीं रोक सकेगा। सुनवाई अब से लेकर कई महीनों तक चलेगी और ट्रंप इस अवधि के दौरान मुक्त होकर प्रचार कर सकते हैं।

# 'बिपरजॉय' की आहट, हजारों ने छोड़ा घर

**एजेंसी** | कराची

चक्रवाती तूफान 'बिपरजॉय' के पाकिस्तान पहुंचने की आशंका के बीच तटीय कस्बों तथा छोटे द्वीपों में रहने वाले हजारों लोग अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। तेज हवाओं, बारिश और ऊंची लहरों ने चक्रवात 'बिपरजॉय' के आगमन की आहट दे दी है। 'बिपारजॉय' का अर्थ बंगाली भाषा में आपदा है। इसे 'बेहद गंभीर चक्रवाती तूफान' की श्रेणी में रखा गया है। इसके 140 से लेकर 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की तेज हवाओं के साथ यहां पहुंचने के आसार हैं।

हवाओं की रफ्तार बढ़कर 170 किमी प्रति घंटे तक भी पहुंच सकती हैं। नवीनतम पूर्वानुमान के अनुसार, चक्रवात के उत्तर की ओर बढ़ते रहने के बाद फिर पूर्व की ओर मुड़ने तथा थट्टा जिले के केटी बंदर और भारत के गुजरात तट के बीच पहुंचने के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार थट्टा, बदीन, सजवल, थारपारकर, कराची, मीरपुर खास, उमरकोट, हैदराबाद, ओरमारा,टांडा अल्लाहया और टांडो मोहम्मद खान में इसका असर दिख सकता है। सिंध के मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार, तीन जिलों के सात तालुकों (सरकार द्वारा अनुमानित) में रहने वाले 71,380 लोगों में से 56,985 लोगों को निकाला गया।

सरकारी स्कूलों और कॉलेजों सहित विभिन्न स्थलों पर 37 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं। पाकिस्तानी नौसेना के अनुसार, नौसेनिकों ने शाह बंदर के विभिन्न गांवों से 700 लोगों को निकाला है और समुद्र से 64 मछुआरों को बचाया गया है।

## कॉर्मैक मैकार्थी का निधन

**न्यू मेक्सिको (अमेरिका)।** पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित उपन्यासकार कॉर्मैक मैकार्थी का निधन हो गया। कॉर्मैक मैकार्थी ने 'द रोड', 'ब्लड मेरीडियन' और 'ऑल द प्रिटी हॉर्सेज़' जैसे कई लोकप्रिय उपन्यास लिखे। प्रकाशन कंपनी 'अल्फ्रेड ए. नोपफ' के अनुसार, न्यू मेक्सिको के सांता फे में मैकार्थी का निधन हो गया।

# बस दुर्घटना में 15 जनों की मौत

**एजेंसी** | बमाको (माली)

माली में दो बसों की एक ट्रक से टक्कर में कम से कम 15 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। माली के परिवहन मंत्रालय के महासचिव मामा जेनेपो ने कहा कि दुर्घटना मंगलवार सुबह फना और कोनोबूगू शहरों के बीच हुई।

उन्होंने कहा कि दुर्घटना में मोपती जा रही दो बसें शामिल थीं जो मवेशियों को ले जा रहे विपरीत दिशा से आते एक ट्रक से टकरा गईं। उन्होंने कहा कि चालक संभवतः थके हुए थे और इसलिए यह घटना हुई। सरकार ने कहा कि माली में विशेषकर बारिश के मौसम में यातायात दुर्घटना सामान्य बात है, लेकिन इस साल पश्चिम अफ्रीकी देश में यह सबसे भीषण दुर्घटना है। पिछले साल सड़क दुर्घटनाओं में 680 से अधिक लोग मारे गए और 8,200 लोग घायल हुए थे।




### दक्षिणी यूक्रेन के शहर ओदेसा में कई मकान तबाह

# रूस ने फिर दागी मिसाइलें, 6 की मौत

**एजेंसी** | कीव

रूस की सेना ने दक्षिणी यूक्रेन के शहर ओदेसा में रात भर मिसाइलें दागीं और पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र में बुधवार को की गई गोलाबारी में कई मकान तबाह हो गए। इस दोनों घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन की सेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि देश के सैनिकों के, प्रारंभिक जवाबी कार्रवाई में थोड़ी सफलता पाने के बाद से रूस ने हवाई हमले तेज कर दिए हैं।

पूर्व में दोनेत्स्क के क्षेत्रीय गवर्नर पावलो किरिलेंको ने संदेश एप 'टेलीग्राम' पर बताया कि क्रामतोरस्क और कोन्स्तेंतिनोव्का शहरों में गोलाबारी में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। सात मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। ओदेसा के क्षेत्रीय प्रशासन ने फेसबुक पर बताया कि काला सागर से किए गए हमलों में समुद्र से दागी गई चार कलिब्र क्रूज मिसाइलें शामिल थीं, जिनमें से तीन को हवाई सुरक्षा प्रणाली द्वारा बीच में ही रोक दिया गया। क्षेत्रीय प्रशासन के अनुसार, ओदेसा पर हुए हमले में खाद्य सामग्री के एक गोदाम के तीन कर्मचारी मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। बचाव कर्मी अब भी मलबे के नीचे बचे हुए लोगों की तलाश कर रहे हैं।



### कई मिसाइलों को मार गिराया

यूक्रेन के जनरल स्टाफ के प्रवक्ता एंद्री कोवालोव ने बताया कि रूसी सेना ने यूक्रेन पर मिसाइल और हवाई हमले तेज कर दिए हैं। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ओदेसा क्षेत्र के अलावा खारकीव, दोनेत्स्क, किरोवोह्राद में हमले में किए गए। इनमें केएच-22 क्रूज मिसाइल, समुद्र से दागी गई कलिब्र क्रूज मिसाइल और ईरान निर्मित शहीद ड्रोन शामिल हैं। इनमें से नौ को मार गिराया गया।




Sach Bedhadak SachBedhadak Sach Bedhadak sach_bedhadak


सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl